# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, सोमवार
26 मई 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 87 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## राजग की बैठक में पीएम मोदी ने नेताओं को दी नसीहत

नई दिल्ली ।NDA ने मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों की बैठक में प्रस्ताव पास कर सशस्त्र बलों और पीएम मोदी की प्रशंसा की। साथ ही बैठक में जाति जनगणना, बिहार चुनाव, मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ और सुशासन के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने एकजुटता का प्रदर्शन किया है। राजग के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों ने ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों के पराक्रम और पीएम मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए प्रस्ताव पारित किया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में NDA का सीएम कॉन्क्लेव हुआ।

शेष पेज 2 पर

### मन की बात मे पीएम नरेन्द मोदी बोले-

## 'ऑपरेशन सिंदूर' बदलते भारत की तस्वीर आतंकवाद को खत्म कंरना हमारा संकल्प

नई दिल्ली। महीने के आखिरी रविवार यानी आज 'मन की बात' को संबोधित किया। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम में पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने सेना के पराक्रम को भी जमकर सराहा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' के जरिए लोगों से बात की। कार्यक्रम का आज 122वां एपिसोड प्रसारित हुआ। पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर बात की। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना के पराक्रम पर बात की। उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक ने संकल्प लिया है कि आतंकवाद को खत्म करना ही है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं है, यह बदलते भारत की तस्वीर है।

सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर



दिया'प्रधानमंत्री ने कहा, ' मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार! आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। आक्रोश से भरा हुआ है। संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस स्पष्टता के साथ, जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है।

**'हमारे इंजीनियर, हमारे टेक्नीशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल'**

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उसमें शामिल थी, भारत में बने हथियारों, उपकरणों और तकनीक की ताकत। उसमें 'आत्मनिर्भर भारत' का संकल्प भी था। हमारे इंजीनियर, हमारे टेक्नीशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है।

**'ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर'**- उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। आपने देखा होगा, देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गई। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। कितने ही शहरों में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए और हमने देखा कि चंडीगढ़ के वीडियो तो काफी वायरल हुए थे।

शेष पेज 2 पर

## जापान को पीछे भारत बना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

नीति आयोग के CEO ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे आगे है। जो योजना बनाई जा रही है यदि हम उन योजनाओं पर टिके रहते हैं तो भारत अगले तीन सालों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।


भारत ने जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का ऐतिहासिक मुकाम हासिल कर लिया है। नीति आयोग के CEO बी वी आर सुब्रह्मण्यम ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि जापान को पीछे छोड़कर भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। सुब्रह्मण्यम ने आगे कहा कि अब अगले तीन सालों में जर्मनी को हटाकर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हाल की टिप्पणियों पर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि टैरिफ में किस तरह का बदलाव हो सकता है। हालांकि, उन्होंने बताया कि भारत सामान बनाने के लिए एक लागत प्रभावी स्थान बना हुआ है।

संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी आगे

नीति आयोग के उएड ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे आगे है। जो योजना बनाई जा रही है यदि हम उन योजनाओं पर टिके रहते हैं तो भारत अगले तीन सालों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

शेष पेज 2 पर



## अनुष्का शर्मा के साथ रामनगरी पहुंचे विराट कोहली, हनुमानगढ़ी और रामलला के किए दर्शन



अयोध्या ।दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली रविवार की सुबह रामनगरी पहुंचे। वहां उन्होंने हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन किए। हनुमानगढ़ी की प्राचीनता और पौराणिकता की भी जानकारी ली।

भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली रविवार को पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि में रामलला के दर्शन किए। इस दौरान हनुमानगढ़ी मंदिर पर अनुष्का शर्मा और विराट कोहली को देखने के लिए भारी भीड़ उमड पड़ी। इसके चलते प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

हनुमानगढ़ी के पुजारी हेमंत दास ने हनुमानगढ़ी पर फिल्म अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली को दर्शन पूजन कराया। इस दौरान हनुमान जी की प्रतिमा और अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत भी किया। विराट और अनुष्का ने हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि के बारे में हनुमानगढ़ी के सागरिया पट्टी के श्रीमहंत ज्ञान दास के उत्तराधिकारी महंत और संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास से बंद कमरे में मुलाकात की।

शेष पेज 2 पर

### तीन घंटे चला तलाशी अभियान; पेन भी नहीं ले जा सके पर्यटक

## ताज को उड़ाने की धमकी...सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट, तीन घंटे चला तलाशी अभियान

आगरा । धमकी मिलने के बाद स्निफर डॉग और बम निरोधक दस्ते के साथ ताजमहल परिसर में चप्पे-चप्पे पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। तीन घंटे तक सुरक्षा एजेंसियां स्मारक में जांच करती रहीं।

आगरा में केरल से शनिवार की सुबह पर्यटन विभाग के पास आए एक ई-मेल में ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी के बाद हाई अलर्ट कर दिया गया। सीआईएसएफ, ताजगंज, पर्यटन, ताज सुरक्षा और सर्किल के फोर्स ने बम निरोधक दस्ते, स्निफर डॉग्स के साथ तीन घंटे तक ताजमहल का चप्पा-चप्पा छान मारा। इस दौरान प्रवेश द्वारों पर पर्यटकों को पैन तक नहीं ले जाने दिया गया। तीन घंटे के तलाशी अभियान के



बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर सुरक्षा एजेंसियों ने राहत की सांस ली। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह एक हॉक्स मेल था, साइबर सेल इसकी जांच कर रही है।

केरल से शनिवार की सुबह 7 बजे सव्वाकू शंकर की ई-मेल आईडी से यूपी टूरिज्म, दिल्ली पुलिस और अभय श्रीवास्तव की ई-मेल आईडी पर मेल भेजा गया। इसमें ताजमहल को दोपहर 3:30 बजे तक आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इस मेल की जानकारी मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं।

ताजमहल पर दोपहर एक बजे से सीआईएसएफ, ताज सुरक्षा, पर्यटन, ताजगंज और सर्किल के फोर्स के साथ सघन चेकिंग शुरू कर दी गई। स्निफर डॉग और बम निरोधक दस्ते के साथ ताजमहल परिसर में चप्पे-चप्पे पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

मुख्य गुंबद, चमेली फर्श, मस्जिद परिसर से लेकर बगीचों और दालानों में भी चेकिंग अभियान चलाया गया। दोपहर तीन बजे तक तलाशी अभियान के बाद सुरक्षा एजेंसियों को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, इस पर राहत की सांस ली। एसीपी ताज सुरक्षा अरीब अहमद, सीआईएसएफ कमांडेंट वैभव कुमार दुबे भी तलाशी अभियान में पूरे समय साथ रहे।

**पर्यटकों को नहीं होने दी कोई परेशानी-** ताजमहल में सघन तलाशी के दौरान देसी विदेशी पर्यटकों के बीच किसी तरह का पैनिक नहीं फैले, इसे देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने पूरी सतर्कता बरती।

शेष पेज 2 पर

## पारिवारिक मूल्यों के उल्लंघन पर सख्त लालू प्रसाद यादव, बेटे तेज प्रताप को राजद से 6 साल के लिए निकाला



पटना। यह निष्कासन ऐसे समय में आया है जब हाल ही में तेज प्रताप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अनुष्का यादव नामक लड़की के साथ 12 साल के रिश्ते में होने का दावा किया था। हालांकि, उस पोस्ट को तुरंत हटा दिया गया और बाद में तेज प्रताप ने एक अन्य पोस्ट में यह दावा किया कि उनका अकाउंट हैक हो गया था।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संरक्षक लालू प्रसाद यादव ने एक चौंकाने वाले फैसले में अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। लालू ने इस कठोर निर्णय के पीछे तेज प्रताप के गैर-जिम्मेदाराना आचरण और पारिवारिक मूल्यों तथा सार्वजनिक शिष्टाचार से विचलन को मुख्य कारण बताया। यह निष्कासन ऐसे समय में आया है जब हाल ही में तेज प्रताप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अनुष्का यादव नामक लड़की के साथ 12 साल के रिश्ते में होने का दावा किया था।

शेष पेज 2 पर

## राजभवन के पास प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प

### बस से 'मणिपुर' शब्द हटाने को लेकर विवाद

, इंफाल ।20 मई को शिरुई लिली महोत्सव के दौरान मीडिया को लेकर जा रही मणिपुर राज्य परिवहन की एक बस से 'मणिपुर' शब्द को ढंकने का आदेश दिए जाने की बात सामने आई थी। जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया था। अब यह मामला लगातार गरमता जा रहा है।

मणिपुर में रविवार को उस समय तनाव बढ़ गया जब प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हो गई। यह झड़प उस वक्त हुई जब प्रदर्शनकारी राज्य परिवहन की एक बस से 'मणिपुर' शब्द हटाए जाने के विरोध में राजभवन की



घेराबंदी करने जा रहे थे।

कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटेग्रिटी (सीओसीओएमआई) के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोग ख्वैराम्बंद बाजार में एकत्र हुए और वहां से लगभग 500 मीटर की रैली निकाल कर राजभवन की ओर बढ़ने लगे। सुरक्षाबलों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान दोनों पक्षों में झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि राज्यपाल अजय कुमार भल्ला इस "अपमानजनक कृत्य" के लिए माफी मांगें।

शेष पेज 2 पर

### जासूसी का शक ■ लग्जरी होटल और हाईप्रोफाइल लोगों से मुलाकात

## किसने स्पॉन्सर की ज्योति की पाकिस्तान यात्राएं?



हिसार ।हिसार पुलिस जांच कर पता लगाएगी कि जासूसी के शक में गिरफ्तार ज्योति की पाकिस्तान यात्राएं किसने स्पॉन्सर की थी। जासूसी प्रकरण से जुड़ी सात ट्रैवल एजेंसियां चिन्हित की गई हैं।

ज्योति मल्होत्रा से पूछताछ में जुटी हिसार पुलिस अब जांच का दायरा बढ़ाएगी। पुलिस ज्योति मल्होत्रा की यात्रा को स्पांसर करने वाली कंपनियों से भी पूछताछ करेगी। पुलिस ने सात ट्रैवल एजेंसियों को चिन्हित किया है, जो अलग-अलग राज्यों के अलावा पाकिस्तान भी कार्य कर रही हैं।

सूत्र बताते हैं कि कम संख्या में फोलोअर्स होने के बावजूद एक यूट्यूबर को किसी दूसरे देश की यात्रा के लिए स्पांसर किया गया। पाकिस्तान में वीआईपी आतिथ्य सत्कार मिला। ज्योति ने लग्जरी होटल में समय बिताया। हाईप्रोफाइल लोगों से मुलाकात की। ये सब जासूसी के शक को गहरा करते हैं।

इन सबके बारे में तो पूछताछ चल ही रही है। अब ज्योति की यात्रा को स्पांसर करने वाली ट्रैवल एजेंसियों से भी पूछताछ की जाएगी। ज्योति से भी पूछा जाएगा कि उसे ट्रैवल एजेंसी से किसने मिलाया। ट्रैवल एजेंसी किस आधार पर उसकी यात्रा के लिए लाखों रुपये खर्च करने को तैयार हो गई।

ट्रैवल एजेंसी की यात्रा को स्पांसर करने की क्या नीति है?

जासूसी प्रकरण से जुड़े दूसरे व्लॉगर, यूट्यूबर की यात्रा की हिस्ट्री भी जुटाई जाएगी। ताकि पता चल सके कि ये सब लोग आपस में किस तरह कनेक्ट हैं। ट्रैवल एजेंसी की यात्रा को स्पांसर करने की क्या नीति है। हिसार पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों ने ऐसी सात ट्रैवल एजेंसियों की पहचान की है, जिन्होंने ज्योति को विदेश भेजने में मदद की थी।

क्या ये पैकेज सिर्फ ज्योति को ही दिए गए?

शेष पेज 2 पर

# राजस्व, आपदा प्रबंधन मंत्री केशव महंत बिश्वनाथ में

## आपदा प्रबंधन तैयारियों की समीक्षा, मिशन बसुंधरा 3.0 योजना की प्रगति

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

चरियाली, 25 मई,। असम के राजस्व, आपदा प्रबंधन, विज्ञान प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री केशव मोहंती ने आज बिश्वनाथ जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक बिश्वनाथ में नए परिपत्र भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। मंत्री ने मानसून के मौसम के आगमन के मद्देनजर जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन की प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा की। मंत्री ने गोहपुर में विनाशकारी बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन को पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश भी दिया।




मंत्री ने मिशन बसुंधरा 3. योजना की प्रगति पर एक और अलग समीक्षा बैठक भी की। बैठक में विश्वनाथ जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की गई और माननीय मंत्री ने विश्वनाथ में भूमि सुधार योजनाओं में से एक बसुंधरा 3.0 की प्रगति का जायजा लिया और योजना के कार्य में तेजी लाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सोनितपुर लोकसभा सांसद रंजीत दत्ता, बिश्वनाथ विधानसभा विधायक प्रमोद बरठाकुर, गोहपुर विधानसभा विधायक उत्पल बोरा, बिहाली विधानसभा विधायक दिगंत घटवाल, पूर्व मंत्री प्रबीन हजारिका और राजस्व और आपदा प्रबंधन विभागों के प्रमुख सचिव ज्ञानेंद्रन देब त्रिपाठी, जिला आयुक्त और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिश्वनाथ शामिल थे।

बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन मुनींद्र नाथ नगटे, पुलिस अधीक्षक शुभाशीष बरुआ, बिहाली संयुक्त जिला आयुक्त ध्रुवज्योति दास, गोहपुर संयुक्त जिला आयुक्त लुकुमणी बोरा, अतिरिक्त जिला आयुक्त (राजस्व और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी) असीम बरगोहाई ने की।

बैठक में लोक निर्माण (सड़क और आवास), जल संसाधन विभाग, राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण बल और राज्य आपदा न्यूनीकरण बल, असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग, सार्वजनिक स्वास्थ्य तकनीकी विभाग, मत्स्य पालन और कृषि विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

# बिश्वनाथ के दिरांग गांव में जल जीवन मिशन विफल, कीचड़ भरा पानी, सूखे नल

## 190 से अधिक घरों में पीने के पानी का संकट, कीचड़ भरा पानी या नलों के बावजूद पानी की आपूर्ति नहीं होना

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

असम। प्रधानमंत्री की 'हर घर जल' पहल के तहत एक प्रमुख योजना जल जीवन मिशन, बिश्वनाथ जिले में असम-अरुणाचल सीमा के पास एक गांव दिरांग के निवासियों के लिए निराशा और हताशा का स्रोत बन गई है।

स्थानीय लोगों ने इस परियोजना का नाम बदलकर 'हर घर नल, हर घर मल' रख दिया है, जो स्थापित नलों के माध्यम से आपूर्ति किए जाने वाले गंदे, अनुपयोगी पानी का संदर्भ देता है। स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि ग्रामीणों का दावा है कि पानी पीने की बात तो दूर, हाथ धोने के लिए भी उपयुक्त नहीं है।

एक स्थानीय निवासी ने कहा, ₹नल लगाए जाने के बाद से हमें साफ पानी नहीं मिला है। अधिकारियों ने हमें बताया कि नल जोड़ने से पहले हमें पैसे देने होंगे। 190 घरों में से कम से कम पांच में नल या पानी नहीं है। हमें नदी का पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यहां के हैंडपंप में आयरन की मात्रा बहुत अधिक है - यह बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है।₹ ह्लहाँ नल तो हैं, लेकिन पानी नहीं है। और जब वे पानी देते भी हैं, तो शाम के 7 बजे के आसपास। लेकिन हमें सुबह पानी की जरूरत होती है - खाना पकाने, सफाई करने और अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए। रात में पानी का क्या फायदा?ह्व एक अन्य ग्रामीण ने दुख जताया।

ग्रामीणों ने कहा कि संबंधित विभागों से उनकी बार-बार की गई गुहार का कोई स्थायी नतीजा नहीं निकला है।

ह्लहमने लिखित शिकायत की। उन्होंने सिर्फ.दो दिन तक साफ पानी दिया। अब हम फिर से गंदे, भूरे पानी में जी रहे हैं - अगर कुछ है भी तो। गाँव के एक हिस्से को थोड़ा पानी मिलता है, दूसरे हिस्से को बिलकुल नहीं। अधिकारी बस एक अधिकारी से दूसरे अधिकारी को ज़िम्मेदारी सौंप देते हैं। किसी को भी जवाबदेह नहीं ठहराया जाता,ह्व एक स्थानीय निवासी ने बताया।

कुछ घरों में न सिर्फ. पानी है, बल्कि परियोजना पूरी घोषित होने के बावजूद नल भी नहीं लगाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनके इलाके में जल जीवन मिशन पूरी तरह से विफल हो गया है, जिससे लगभग दो सौ परिवार संकट में हैं।

अपनी आवाज को अनसुना किए जाने के बाद, निवासियों ने सरकार से स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच के लिए तत्काल अपील की है, जो नीतिगत वादों और जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन के बीच बढ़ते अंतर को उजागर करता है। दिरांग की स्थिति बुनियादी ढांचे के वितरण में व्यापक चुनौतियों और लोक कल्याणकारी योजनाओं में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता को दर्शाती है। जैसा कि भारत स्वच्छ पेयजल तक सार्वभौमिक पहुंच की दिशा में प्रयास कर रहा है, दिरांग जैसे गाँव अभी भी किए जाने वाले काम की याद दिलाते हैं।

# प्रधानमंत्री का आभार व वीर सैनिकों के सम्मान में श्रीभूमि जिले के सभी गांवों में विशाल तिरंगा यात्रा आयोजित

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

असम,श्रीभूमि। कश्मीर के पहलगाम गांव में पाकिस्तान समर्थित इस्लामी जिहादियों द्वारा निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्रियों पर किए गए क्रूर हमले के विरोध और भारतीय सेना के ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण की ऐतिहासिक सफलता के उत्सव के रूप में आज श्रीभूमि जिले के सभी गांवों में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने आतंकियों के अड्डों पर करारा प्रहार कर उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया। इस सैन्य सफलता की गूंज देशभर में गर्व और राष्ट्रभक्ति की भावना भर रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न गांवों में पहले प्रधानमंत्री का 122वां ₹मन की बात₹ कार्यक्रम सामूहिक रूप से सुना गया, जिसके बाद पूरे जिले में एक साथ तिरंगा यात्रा का





आयोजन हुआ। कृष्णनगर, दुल्लभछड़ा, श्यामबाजार, मालतीपुर, हरिपुर, चंडीपुर सहित जिले के हर गांव में हजारों की संख्या में ग्रामीण पुरुष, महिलाएं, युवा हाथों में तिरंगा लिए ह्लभारत माता की जयह्व, ह्लजय श्री रामह्व और ह्लनरेंद्र मोदी जिंदाबादह्व के नारों के साथ सड़कों पर उतरे। कई स्थानों पर 10 से 20 मीटर लंबा विशाल तिरंगा लोगों के जोश और एकता का प्रतीक बन गया।

जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष और अन्य कार्यकताओं ने इस आयोजन का नेतृत्व किया। दुल्लभछड़ा के बूथ सचिव स्वप्न सिन्हा ने कहा, ह्लयह तिरंगा यात्रा केवल विरोध नहीं, बल्कि देश की रक्षा के लिए हमारी एकजुटता और संकल्प का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य शक्ति और दृढ़ इच्छाशक्ति का जीता-जागता प्रमाण है।

# पेज एक का शेष...

## 'ऑपरेशन सिंदूर बदलते भारत की तस्वीर आतंकवाद को खत्म कंरना हमारा संकल्प

ऑपरेशन सिंदूर को कई परिवारों ने अपने जीवन का हिस्सा बना लिया-पीएम मोदी ने कहा कि सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही थीं, संकल्प गीत गाए जा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे थे, जिनमें बड़े संदेश छुपे थे। मैं अभी तीन दिन पहले बीकानेर गया था। वहां बच्चों ने मुझे ऐसी ही एक पेंटिंग भेंट की थी। ऑपरेशन सिंदूर ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार में, यूपी के कुशीनगर में, और भी कई शहरों में, उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम सिंदूर रखा गया है।

तीन अक्तूबर 2014 को हुई थी शुरूआत-इस कार्यक्रम की शुरूआत तीन अक्तूबर 2014 को हुई थी। इसे 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा 11 विदेशी भाषाओं में भी प्रसारित किया जाता है, जिसमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और स्वाहिली शामिल हैं। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों द्वारा किया जाता है।

ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानिए-भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पाहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई थी। इसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, जिनका भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया। इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचा, जिनमें एयर बेस, रडार साइट्स, और कमांड सेंटर शामिल हैं।

## राजग की बैठक में पीएम मोदी ने नेताओं को दी नसीहत

इस कॉन्क्लेव में दो प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं, बैठक में जातिगत जनगणना पर चर्चा हुई। इस दौरान अगली जनगणना में जाति गणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले की सराहना की गई। वहीं, बैठक के दौरान पीएम मोदी ने पार्टी के नेताओं के लिए कुछ जरूरी निर्देश भी दिए।

पीएम मोदी ने दिए नेताओं को निर्देश-बैठक के दौरान पीएम मोदी ने संघर्ष विराम को लेकर भी टिप्पणी की। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के दौरान भाजपा नेताओं को कई निर्देश भी दिए। उन्होंने पार्टी के नेताओं को नसीहत देते हुए बेवजह की बयानबाजी से बचने को कहा। इतना ही नहीं, एनडीए के मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाति गणना पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह उनकी सरकार के उस मॉडल की दिशा में एक कदम है, जिसके तहत वे हाशिए पर पड़े लोगों और हर क्षेत्र में पिछड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाएंगे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में हासिल की गई उपलब्धियों की पुष्टि भी है, जिसमें स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी की सटीकता भी दुनिया ने देखी है।

जातिगत जनगणना पर बोले नड्डा-जातिगत जनगणना पर चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा कि हम जातिगत राजनीति नहीं करते लेकिन वंचित, पीड़ित, शोषित और दलित जो लोग छूट गए हैं, उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने का काम करते हैं। यह समाज की आवश्यकता है। जातिगत जनगणना के माध्यम से हम इसे देखते हैं और आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह समाज की आवश्यकता है। जाति जनगणना के माध्यम से हम इसे देखते हैं और आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। बैठक में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि भी दी गई।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा था कि यह सेना का शौर्य है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि हमें आत्मनिर्भर भारत बनाना है। एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया कि बैठक में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान पर भी चर्चा हुई। नक्सलवाद को लेकर जो योजनाएं चल रही हैं, उन पर चर्चा हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी रणनीति पर चर्चा की और उन्होंने हमारा मार्गदर्शन किया और सभी मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों को बताया कि हमने इसे हराने के लिए अपनी ताकत का इस्तेमाल कैसे किया है। उस चर्चा में छत्तीसगढ़ के सीएम ने बताया कि हमने नक्सलवाद के खिलाफ कैसे लड़ाई लड़ी है और हमें कैसे सफलता मिल रही है।

इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि 25-26 जून को आपातकाल के 50 साल पूरे हो जाएंगे। इस मौके पर एनडीए इसका पदार्फाश करेगा और जनता को उन लोगों के बारे में बताएगा जिन्होंने लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की थी।

इन अहम मुद्दों पर भी हुई चर्चा-सूत्रों का कहना है कि बैठक में ऑपरेशन सिंदूर और जाति जनगणना के अलावा मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ और सुशासन तथा बिहार चुनाव के मुद्दे पर चर्चा हुई। साथ ही विभिन्न राजग शासित सरकारों की ओर से अपनाए गए सर्वोत्तम कदमों पर भी विचार-विमर्श हुआ। कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपनी प्रमुख योजनाओं पर प्रस्तुति भी दी।

## अनुष्का शर्मा के साथ रामनगरी पहुंचे विराट कोहली, हनुमानगढ़ी और रामलला के किए दर्शन

बीते दिनों बेंगलुरु का मुकाबला हैदराबाद की टीम से था। विराट कोहली बीते दिनों से टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने की खबरों के चलते चचाओं में हैं।

प्राचीनता और पौराणिकता की ली जानकारी- हनुमानगढ़ी की सागरिया पट्टी के उत्तराधिकारी महंत संजय दास ने कहा कि अनुष्का शर्मा और विराट कोहली धार्मिक प्रवृत्ति के हैं। दर्शन पूजन के बाद वह हनुमानगढ़ी की महिमा और अयोध्या की प्राचीनता के बारे में बातें कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने हनुमानगढ़ी की प्राचीनता और पौराणिकता की भी जानकारी ली है।

विराट कोहली का जादू शहर में क्रिकेट प्रेमियों के सिर पर चढ़ कर बोल रहा है। बंगलूरू से लखनऊ शिफ्ट हुए मुकाबले में उम्मीद से कहीं ज्यादा दर्शक पहुंचे। महज दो दिन के भीतर ऑनलाइन टिकट बिकने शुरू हुए। देखते ही देखते मुकाबले वाले दिन 35 हजार से करीब दर्शकों अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ऐसे में 27 मई को होने वाले मुकाबले में स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा नजर आएगा।

टेस्ट क्रिकेट से सन्यास की घोषणा के बाद विराट की फैन फालोइंग बढ़ गई है, जो मुकाबले में पंत एंड कंपनी की मुश्किलें बढ़ा सकती है। हैदराबाद के खिलाफ हुए मुकाबले में बंगलूरू का दिग्गज बल्लेबाज लय में दिखा। ऐसे में लखनऊ के खिलाफ विराट बड़ा अंतर पैदा कर सकते है। वे लखनऊ की कमजोर गेंदबाजी का पूरा लाभ उठाने की कोशिश करेंगे।

शहर के सेंट्रम होटल में रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू की टीम ठहरी हुई हैं। किंग कोहली भी अपने परिवार के साथ यहां पर मौजूद रहे। विराट ने शनिवार को परिवार के साथ होटल में ही दिन गुजारा। यहां पर उन्होंने टेबल टेनिस के साथ पिकल बॉल और अन्य खेलों का आनंद लिया। साथ ही उन्होंने स्वीमिंग भी की। इसके बाद दोनों ने लखनवी खाने का भी लुत्फ उठाया।

## पारिवारिक मूल्यों के उल्लंघन पर सख्त लालू प्रसाद यादव, बेटे तेज प्रताप को राजद से 6 साल के लिए निकाला

हालांकि, उस पोस्ट को तुरंत हटा दिया गया और बाद में तेज प्रताप ने एक अन्य पोस्ट में यह दावा किया कि उनका अकाउंट हैक हो गया था। इस घटनाक्रम ने पार्टी और परिवार दोनों के भीतर हलचल मचा दी है।

सोशल मीडिया पोस्ट में इस कदम की घोषणा करते हुए, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूँ। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया जाता है।

उन्होंने आगे लिखा, अपने निजी जीवन का भला -बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूँ। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सावर्जनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है।

तेज प्रताप यादव ने शनिवार को एक लड़की के साथ फेसबुक पर एक तस्वीर साझा कर दावा किया था कि वह पिछले 12 सालों से उसके साथ रिश्ते में हैं, और काफी समय से वह यह बात सार्वजनिक करना चाहते थे। हालांकि, उन्होंने जल्द ही उस पोस्ट को हटा दिया। कुछ देर बाद, उन्होंने उसी कैप्शन के साथ दोबारा तस्वीर साझा की और अपने रिश्ते में होने की बात दोहराई। इसके कुछ समय बाद ही तेज प्रताप ने फिर से पोस्ट डिलीट कर दिया। इस बार उन्होंने दावा किया कि उनका सोशल मीडिया अकाउंट हैक कर लिया गया था और उन्हें अक-जनरेटेड तस्वीरों के साथ बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।

## राजभवन के पास प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प

राजभवन से लगभग 150 मीटर पहले कंगला गेट पर सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के कई गोले छोड़े। एक अस्पताल अधिकारी ने बताया कि इस झड़प में घायल हुए पांच प्रदर्शनकारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

क्या है मामला?-एक प्रदर्शनकारी ने कहा, राज्यपाल लोगों की भावनाओं की लगातार अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने और उनके प्रशासन ने मणिपुर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का अपमान किया है। जांच आयोग बनाना पर्याप्त नहीं है, जब तक दोषियों को दंडित नहीं किया जाता। यह विरोध उस घटना के बाद सामने आया है, जिसमें 20 मई को शिरुई लिली महोत्सव के दौरान मीडिया को लेकर जा रही मणिपुर राज्य परिवहन की एक बस से मणिपुर शब्द को ढंकने का आदेश दिए जाने की बात सामने आई थी।

सीओसीओएमआई ने इस मुद्दे पर राज्यव्यापी आंदोलन का एलान किया है और मुख्य सचिव, डीजीपी और सुरक्षा सलाहकार के इस्तीफे की मांग की है। मणिपुर सरकार ने बुधवार को इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि दो सदस्यीय जांच समिति बनाई गई है, जो 20 मई को ग्वालटाबी चेकपोस्ट के पास मीडिया कर्मियों को लेकर जा रही मणिपुर राज्य परिवहन बस और सुरक्षा बलों की भूमिका की जांच करेगी।

आरोप है कि सुरक्षा बलों ने पत्रकारों को ले जा रही बस को रोककर, उस पर लिखे मणिपुर शब्द को सफेद कागज से ढंकने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के कर्मचारियों को मजबूर किया था।

## किसने स्पॉन्सर की ज्योति की पाकिस्तान यात्राएं?

क्या इन कंपनियों को किसी तीसरे पक्ष से पैसा मिल रहा था? क्या ये कंपनियां किसी सॉफ्ट स्पाइ नेटवर्क का हिस्सा हैं, आदि सवालों का जवाब तलाशा जाएगा। यह भी पता लगाया जाएगा कि चीन, बांग्लादेश ,पाकिस्तान की कितनी यात्राएं स्पांसर की गई, देश के विभिन्न प्रदेशों की यात्रा भी स्पांसर की गई थी या ज्योति खुद के पैसे खर्च कर गई।

महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और पंजाब पुलिस के सवालों पर ज्योति नपा-तुला जवाब दे रही

महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और पंजाब पुलिस की एसआईटी भी ज्योति मल्होत्रा से पूछताछ के लिए हिसार पहुंची है। तीनों प्रदेशों की एसआईटी ने अपने सवालों की सूची सिविल लाइन थाना पुलिस को दी। पुलिस ने ज्योति से सवाल किए तो अधिकतर का नपे-तुले शब्दों में जवाब दिया है।

## ताज को उड़ाने की धमकी...सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट, तीन घंटे चला तलाशी अभियान

कई पर्यटकों ने जब इस तरह की सघन चेकिंग के बारे में पूछताछ की तो उन्हें बताया गया कि ताजमहल की सुरक्षा के दृष्टिगत इस तरह की ड्रिल की जाती हैं।

हॉक्स ईमेल था, कराई जा रही है जांच- उ एसीपी ताज सुरक्षा सैयद अरीब अहमद ने बताया कि ताजमहल पर धमकी का हॉक्स ई-मेल भेजा गया था। इसे केरल से भेजा गया था। इस तरह के मेल देशभर में कई जगह एक साथ भेजे गए थे। इसकी जांच साइबर सेल से कराई जा रही है।

## जापान को पीछे भारत बना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

**4.187 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंची भारत की जीडीपी-** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की अप्रेल 2025 की वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के मुताबिक भारत की जीडीपी बढ़कर 4.187 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4.186.431 ट्रिलियन डॉलर से थोड़ा ज्यादा है।

कांग्रेस ने उठाए सवाल-वहीं अब भारत की इस उपलब्धि पर सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस ने आंकड़ों पर सवाल उठाते हुए कहा कि 5-6 अरबपतियों का डेटा निकालकर जापान को पीछे छोड़ने का दावा किया जा रहा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि आप आंकड़ों के साथ जितना चाहें खेल सकते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि बेरोजगारी ने 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अमीर और गरीब के बीच असमानता सभी को दिखाई देती है।

बीजेपी ने किया पलटवार-भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने श्रेय पीएम मोदी के नेतृत्व को दिया। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस पार्टी सत्ता में थी, तो हम टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं में भी नहीं थे। बल्कि भारत को नाजुक पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक करार दिया गया था। यानी आजादी के बाद से कांग्रेस के शासन में 70 सालों में हमारी अर्थव्यवस्था नाजुक पांच में ही रह गई थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सिर्फ 11 सालों में हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है।

# सीडीओ नीरज श्रीवास्तव ने किया क्षेत्रीय ग्राम विकास संस्थान बड़ौत में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का औचक निरीक्षण

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बड़ौत,बागपत। क्षेत्रीय ग्राम विकास संस्थान, बड़ौत में चल रहे बहुआयामी प्रशिक्षण सत्रों का मुख्य विकास अधिकारी नीरज श्रीवास्तव द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर संस्थान परिसर में तीन महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र एक साथ संचालित होते पाए गए, जिनमें विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे।



**तीन प्रमुख प्रशिक्षण सत्र एक साथ आयोजित**

ड्ट ग्राम संगठन के सामाजिक कार्य समिति सदस्यों का प्रशिक्षणः
इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जैसे जमीनी मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श और व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। यह प्रशिक्षण ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और ग्राम स्तर पर जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।
यह चार दिवसीय सत्र संघों की दीर्घकालिक दृष्टि निर्माण, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर केंद्रित है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिला संघों को अधिक संगठित और स्वावलंबी बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

लेखाकारों का रिकॉर्ड ऑफ बुक कीपिंग विषयक प्रशिक्षणःबागपत, अलीगढ़, मेरठ, शामली, आगरा और बिजनौर जैसे जनपदों से आए लेखाकारों के लिए सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है, जिसमें उन्हें वित्तीय दस्तावेजों को सही ढंग से संधारित करने की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

**सीडीओ ने दिया स्पष्ट संदेश – वित्तीय पारदर्शिता सर्वोपरि**

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहाः वित्तीय अभिलेखों को समय पर, पूर्णता एवं पारदर्शिता के साथ भरना अनिवार्य है। लेखाकारों को इस कार्य के लिए पूरी तरह उत्तरदायी बनाया गया है। प्रशिक्षण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। इससे ही मॉडल संकुल स्तरीय संघों में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता को रोका जा सकता है।
उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से अपील की कि वे पूरे समर्पण और एकाग्रता के साथ प्रशिक्षण में भाग लें और जो कुछ सीखें, उसे जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करें।
इस निरीक्षण के दौरान संस्थान के प्रमुख शिक्षाविद् डॉ. अजीत कुमार, सत्र प्रभारी आरती सिंह, सहायक प्रभारी महिपाल सिंह, मुख्य मास्टर ट्रेनर मोरिश कुमार, राज्य रिसोर्स पर्सन और जिला रिसोर्स पर्सन मनोज कुमार गुप्ता सहित संस्थान के कई अधिकारी और प्रशिक्षक उपस्थित रहे। इन सभी ने प्रशिक्षण की रूपरेखा और उद्देश्यों की जानकारी सीडीओ को दी और उनके मार्गदर्शन को सराहा।

# स्काउट गाइड को दी रेडक्रॉस से संबंधित जानकारियां

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बागपत। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत में चल रहे समर कैम्प में प्रतिभाग कर रही छात्राओं को स्काउट गाइड और रेडक्रास से संबंधित जानकारी दी गई।
इसी क्रम में भारत स्काउट और गाइड उ प्र जनपद बागपत के जिला संगठन आयुक्त स्काउट अशोक बंधु भारद्वाज ने भारत स्काउट गाइड और रेडक्रास के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और बालको को फर्स्ट ऐड के विषय में समझाया। हृदयाघात हो जाने पर किस प्रकार से सी पी आर तकनीक की सहायता से रोगी की जान बचाई जा सकती है, इसका सजीव प्रदर्शन किया गया, जिसे आनिया शर्मा,सोनी और जुबैरिया ने सही प्रकार से समझकर प्रदर्शन भी किया।स्काउट और गाइड किस प्रकार से आपदा और प्राथमिक चिकित्सा में अपना सहयोग दे सकते हैं, इसकी विस्तृत जानकारी भी समर केम्प में दी गयी। आज के समर केम्प का संचालन छवि श्रीवास्तव ने किया तथा केम्प के सफल संचालन में डॉ कविता विश्वकर्मा , विशाल धीमान ,सिमरन आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में कालिज की प्रधानाचार्या डॉ प्रीति शर्मा ने बालकों को कैम्प में सिखाई गयी गतिविधियों को अपने जीवन मे अपनाने को कहा तथा सभी आगंतुकों, शिक्षिकाओं और छात्राओं का आभर व्यक्त किया।



# भ्रष्टाचार और अवैध बैनामों से उजड़ा जीवन,न्याय के लिए आमरण अनशन पर बैठा पीड़ित : आज तीसरा दिन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
मोदीनगर। उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक लापरवाही और भूमाफियाओं की मिलीभगत के चलते एक व्यक्ति को अपने ही हक की जमीन कथित तौर पर गंवानी पड़ी। आरोप है कि पीड़ित की जमीन का अवैध रूप से तहसील स्तर पर बैनामा कर दिया गया और अब वह जमीन किसी और के नाम हो चुकी है। इस अन्याय के खिलाफ पीड़ित ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है और आज उसका तीसरा दिन है।
पीड़ित सतेंद्र कुमार का आरोप है कि उसके खुद के भाई ने अपने हिस्से के अलावा पीड़ित के हिस्से का भी बैनामा कर दिया है। समय रहते पीड़ित नें अपनी जमीन पर आपत्ति जताई थी, लेकिन तहसील कार्यालय में उसकी एक भी नहीं सुनी गई। आपत्ति की अनदेखी कर अधिकारियों ने बैनामा रजिस्टर्ड कर दिया, जबकि सामलात खाते में प्रत्येक खातेदार का अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक होता है।



सतेंद्र कुमार ने बताया कि उक्त मामले में एक मुकदमा भी दर्ज हो चुका है जिसमें दो बार जांच भी हो चुकी है, मामला न्यायालय में लंबित है। बैनामे निरस्त कराने के लिए वह लगातार तीन दिनों से खराब मौसम में भूखा-प्यासा न्याय की उम्मीद में संघर्ष कर रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास के सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता भी पीड़ित के समर्थन में आना शुरू हो गए हैं।
आपको याद होगा कि हाल ही में तहसील मोदीनगर में एक लेखपाल सरित कुमार को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े जाने की कार्यवाही और सतेंद्र कुमार के अनशन नें तहसील मोदीनगर को सवालों के घेरे में ला दिया है।

# नौरंग उस्ताज जब पहुंचे मितली वाटर वर्ल्ड हुआ भव्य स्वागत



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
बागपत,मितली । देसी अंदाज, ठेठ ह्यूमर और सामाजिक व्यंग्य से सोशल मीडिया पर छा चुके बागपत के लाल राजेंद्र कश्यप उर्फ नौरंग उस्ताज जब मितली गांव स्थित ओसियन पार्क वाटर वर्ल्ड पहुंचे, तो वहां जनसैलाब उमड़ पड़ा।
राजेंद्र कश्यप ने अपने सफर की शुरूआत उत्तर कुमार वेब सीरीज से की थी और आज उनके नाम से यूट्यूब पर 1000 से भी अधिक वीडियोज हैं। उनके फॉलोवर्स की संख्या करोड़ों में है।वह न केवल हंसाते हैं, बल्कि सोचने पर भी मजबूर कर देते हैं। इस विशेष अवसर पर उनके साथ मंच साझा करने वालों में सुनील त्यागी, गोविंद सैनी, टिंटू बिहारी, गुड्डू पंडित, शोकिंद्र पाल, सक्षम लड्डू (छोटा नौरंग), पिंटू त्यागी, दीपक त्यागी, और सुरेंद्र मलानिया कई जाने-माने नाम मौजूद रहे। इन सभी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक गरिमामय बना दिया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में ओसियन पार्क के स्वामी सचिन ठाकुर का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने न सिर्फ आयोजन को भरपूर समर्थन दिया, बल्कि व्यक्तिगत रूप से व्यवस्थाओं का ध्यान रखा।

# रोटरी क्लब ने किया मेधावी छात्रा शुबी जैन को सम्मानित

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बागपत। रोटरी क्लब अग्रवाल मंडी डिस्ट्रिक्ट 3100 द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दीपा खन्ना की आधिकारिक यात्रा का आयोजन किया गया।
इस मौके पर कस्बा अग्रवाल मंडी टटीरी की मेधावी छात्रा शुबी जैन पुत्री मुकुल जैन को जिले में प्रथम स्थान आने पर रोटरी क्लब अग्रवाल मंडी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संजीव शर्मा संयोजक, अंकुर शर्मा अध्यक्ष, दीपक गोयल सचिव, आशु गर्ग कोषाध्यक्ष, राजेश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, मास्टर हरिओम शर्मा, सुनील गोयल, प्रवीण गोयल, चौधरी प्रवीण कुमार, अचिन गर्ग एवं सभी सदस्यगण उपस्थित थे।



# आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के आह्वान पर आप का सफाई अभियान




**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
मेरठ। मेरठ के आयुष्मान आरोग्य मंदिर नंगला जमालपुर, वि. स. जानी खुर्द में जाने का रास्ता कच्चा है, जिस पर कीचड़ है। दोनों तरफ बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी हुई हैं। लोगों ने बताया कि डॉक्टर आते नहीं हैं और ज्यादातर अस्पताल बंद रहता है। योगी आदित्यनाथ सरकार में सरकारी अस्पतालों का बेडागर्क हो गया है।
आज आम आदमी पार्टी के पदाधिकारीयो ने अस्पताल जाने वाले रास्ते पर सफाई अभियान चलाकर बड़ी-बड़ी झाड़ियों को काटकर हटाया और रास्ते को साफ किया, ताकि यह मार्ग सुगम और उपयोग योग्य बन सके। इसके अतिरिक्त, रास्ते पर चुना डाला गया, इस प्रयास से न केवल रास्ता साफ हुआ, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए अस्पताल तक पहुंच आसान हो सकी।
अंकुश चौधरी ने कहा, इखढ आपको बबार्दी दे सकती है, स्कूल-अस्पताल नहीं। इस रास्ते और अस्पताल की हालत वर्तमान सरकार की नाकामी का जीता-जागता सबूत है। इस सफाई अभियान के जरिए हम सरकार इन समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं।

# वट सावित्री पूजा हेतु बरगद के पौधों का वितरण



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
मेरठ। शीश का दानी समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में सूरजकुंड रोड स्थित ट्रस्ट के कार्यालय पर वट सावित्री व्रत की पूजा के उपलक्ष्य में 51 बढ़ (बरगद ) के पौधों का वितरण किया गया इसके साथ-साथ , सिंदूर और मेहंदी का भी वितरण किया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल ने बताया कि वह पिछले कई सालों से बरगद के पौधों का वितरण करती आ रही हैं और मातृशक्ति से निवेदन करती हैं कि वह बरगद के पेड़ की टहनियों ना तोड़े उनके पौधों की या बरगद के पेड़ की पूजा करें आज भी बहुत सी महिलाएं अज्ञानतावश बरगद की टहनियों तोड़कर पूजा करती हैं जो बहुत गलत बात है कभी भी खंडित की पूजा नहीं होती यह वृक्ष अखंड सौभाग्य और सर्वाधिक आक्सीजन देने वाला और औषधीय गुणों से भरपूर होता है उनके आव्हान और प्रयास द्वारा आज काफी बड़ी संख्या में मातृशक्ति बरगद के पेड़ की टहनियों को ना तोड़कर बरगद के पौधे या वृक्ष की पूजा करती हैं और वितरित किए हुए पौधों को महिलाएं पूजा के बाद किसी सुरक्षित और खुले स्थान पर लगा देती हैं जो पर्यावरण संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक है राष्ट्रीय अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल के साथ क्षमा शर्मा , मधु बंसल, अनीता गुप्ता , राधा सिंघल, विमला गुप्ता, डॉ रश्मि बंसल, उर्वशी (बिंदु )चौधरी , चित्रा गर्ग, ऋतु, शैली आदि महिलाएं उपस्थित रही

# एसीपी ऑफिस में बड़ा हादसा, छत गिरने से सब इंस्पेक्टर की

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
गाजियाबाद, अंकुरविहार रविवार तड़के आई तेज आंधी और बारिश एक पुलिस अधिकारी के जीवन पर कहर बनकर टूटी। सहायक पुलिस आयुक्त अंकुर विहार के कार्यालय की छत भरभराकर गिर गई, जिसमें ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार मिश्रा की मलबे में दबकर मौत हो गई। सुबह करीब साढ़े छह बजे कॉन्स्टेबल सतबीर कार्यालय पहुंचे तो उन्हें पूरी छत गिरी हुई और सारा सामान क्षतिग्रस्त मिला। उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचना दी। काफी प्रयास के बाद मलबे के नीचे दबे वीरेंद्र मिश्रा को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।
हादसे के समय उपनिरीक्षक कार्यालय में ही सो रहे थे। सुबह मीटिंग थी, इसलिए रात को वहीं रुक गए थे। पुलिसकर्मियों ने बताया कि उनकी वर्दी मीटिंग के लिए तैयार कर टांगी गई थी

**नया बना था भवन, फिर कैसे गिरी छत ?** यह भवन 2023 में ही बना था। छत दो साल में ही कैसे गिर गई , जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस ने कहा है कि जांच के बाद लापरवाही पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।
वीरेंद्र मिश्रा मूल रूप से इटावा जिले के चितभवन गांव के रहने वाले थे। वर्ष 1987 में उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी के रूप में भर्ती हुए थे। सितंबर 2022 में उन्हें पदोन्नति मिली और हाल ही में उनका तबादला लोनी बॉर्डर थाने से एसीपी अंकुर विहार कार्यालय में हुआ था।
वह नजफगढ़, दिल्ली में अपने परिवार पत्नी, दो बेटे और दो बेटियों के साथ रहते थे।



**परिवार पर टूटा दुख का पहाड़**
सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस प्रशासन ने संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

# किसानों को 2-4 घंटे बिजली, फसलें सूखने का खतराः हसनपुर में भाकियू की पंचायत में विद्युत अधिकारियों का घेराव, मांगों को लेकर हंगामा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**हसनपुर अमरोहा**
हसनपुर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक पंचायत नवीन मंडी स्थल पर आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता पतराम सिंह ने की, जबकि संचालन ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने किया। किसान नेताओं ने बताया कि हसनपुर क्षेत्र में किसानों को सिर्फ 2-4 घंटे बिजली मिल रही है। इससे फसलें सूखने का खतरा पैदा हो गया है। नूरपुर खुर्द गांव में एक सप्ताह से विद्युत लाइन कटी हुई है। इससे अधिकांश लोगों की बिजली बंद है। किसानों ने कई समस्याएं उठाईं। झकड़ी फीडर तालाब के पास टूटे विद्युत पोल और तारों की मरम्मत की मांग की। मंडी का गेट नंबर 2 खोलने की मांग भी रखी। झकड़ी भदौरा मार्ग की खराब स्थिति पर नए निर्माण की मांग की गई। किसानों ने मध्य गंगा नहर में जल्द पानी छोड़ने की मांग की। उन्होंने बैंकों द्वारा केसीसी पर छूट न मिलने का मुद्दा भी उठाया। पंचायत में विद्युत अधिकारियों का घेराव किया गया। बैठक में महेश पहलवान, महावीर सिंह, संजीव बालियान, महेश ठाकुर, चंचल सिंह, हुकम सिंह, आनंदपाल सिंह, हरिओम सिंह, सीता आर्य और नीलम चंदा समेत कई किसान नेता मौजूद रहे।



# संपादकीय

## राष्ट्रीय एकता के लिये चुनौती भाषाई टकराव

इसमें दो राय नहीं कि भाषाई विविधता रंग-बिरंगे फूलों की तरह भारत की खूबसूरती की वाहक है। वहीं यह विविधता देश की सांस्कृतिक समृद्धि का आधार भी है। यह विडंबना ही है कि राजनीतिक लाभ के लिये क्षेत्रीय भाषा के गौरव के नाम पर हिंदी विरोध का मोर्चा अकसर खोला जाता है। निस्संदेह समय-समय पर उभरने वाले विवाद क्षेत्रीय गर्व और राष्ट्रीय एकता के बीच संतुलन बनाने की चुनौतियों को ही उजागर करते हैं। कुछ समय पहले ऐसे ही विवाद में मराठी को व्यवहार में न अपनाने के आरोप लगाकर एक अधिकारी को थप्पड़ मारने का विवाद सामने आया था। कालांतर भाजपा शासित राज्य में मराठी की अनिवार्यता कामकाज में लागू की गई थी। अब ताजा विवाद कर्नाटक में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एक प्रबंधक के कन्नड़ में बात करने से इनकार करने पर उठा है। जिसका कहना था कि वह हिंदी भाषी है और हिंदी में वातार्लाप करेगा। इस प्रक ?ण में अधिकारी का तबादला व खासा विवाद हुआ। स्वाभाविक रूप से क्षेत्रीय भाषा की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल खासे सक्रिय हुए। इस बीच जन सेवा में भाषाई संवेदनशीलता के प्रशिक्षण की मांग भी उठी। वैसे भी केंद्रीय सेवाओं के रूप में काम करने वाले विभागों व बैंक आदि के कर्मचारियों व अधिकारियों के विभिन्न राज्यों में अकसर तबादले होते रहते हैं। यह संभव भी नहीं कि हर व्यक्ति हर राज्य की भाषा बोल सके, लेकिन सीधे तौर पर जन-सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों को राज्य की स्थानीय भाषा का ही उपयोग उपभोक्ताओं से सहज संवाद के लिये करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर बेंगलुरू में एक तकनीकी पेशेवर को हिंदी में बोलने के कारण पार्किंग की सुविधा से वंचित कर दिया गया। इस घटना ने गैर हिंदी भाषी इलाकों में भाषायी सहिष्णुता की बहस को नये सिरे से खड़ा किया। निश्चित रूप से दोनों ही घटनाएं भाषाई व सांस्कृतिक एकता के लिये चुनौती पेश करती हैं। जिस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि ये घटनाएं राष्ट्रीय शिक्षा नीति यानी एनईपी 2020 के त्रि-भाषा फामूर्ले की पृष्ठभूमि में हुई हैं। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्रों को तीन भाषाएं सीखने की सलाह दी गई है। जिसमें कम से कम दो भारत की मूल भाषाएं होनी चाहिए। हालांकि, इस शैक्षिक नीति का मकसद बहुभाषावाद और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना है,लेकिन तमिलनाडु में इस नीति का प्रतिरोध सामने आया है। राजनीतिक दल इसे हिंदी थोपने और अपनी भाषाई पहचान के लिये खतरा बता रहे हैं। तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विरोध की राजनीति का पुराना इतिहास रहा है। खासकर तब से जब हिंदी को राष्ट्रीय भाषा बनाने की कवायद शुरू हुई थी। हालांकि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति लचीलेपन के साथ इस बात पर जोर देती रही है कि किसी भी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपी जाएगी। इसके साथ यह भी कि भाषाओं के चयन का मुद्दा राज्य, क्षेत्रों और छात्रों पर छोड़ दिया जाएगा। वहीं कतिपय राजनीतिक दल आरोप लगाते रहे हैं कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भाषा का व्यावहारिक क्रियान्वयन एक विवादस्पद मुद्दा है। बहरहाल, इस मुद्दे पर क्षेत्रीय भाषाओं पर इसके प्रभाव और हिंदी के कथित प्रभुत्व को लेकर बहस चल रही है। बहरहाल, इस तरह के विवादों से आगे बढ़ने के लिये आपसी सम्मान और समझ का माहौल बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। सार्वजनिक संस्थानों को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि उनकी सेवाएं स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराई जाएं। इसके साथ ही कर्मचारियों व अधिकारियों को सांस्कृतिक और भाषाई संवेदनशीलता में प्रशिक्षित किया जाए। निस्संदेह, शैक्षिक नीतियों को पूरे लचीलेपन के साथ लागू किया जाना चाहिए। जिसमें बहुभाषी दक्षता को बढ़ावा देते हुए क्षेत्रीय प्राथमिकताओं का सम्मान किया जाना चाहिए। निस्संदेह, भारत की भाषाई बहुलता को एक विभाजनकारी कारक के बजाय एक एकीकृत शक्ति के रूप में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। देश की विविध भाषाओं को सहानुभूति और खुलेपन के साथ अपनाकर, हम अपने राष्ट्र के ताने-बाने को मजबूत कर सकते हैं। साथ ही यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भाषा एक पुल बने, न कि एक बाधा।

# मैं बागपत हूँ - खंड 13ः खेकड़ा - इतिहास, खड्डी और खोती पहचान

**लेखकः सुरेंद्र मलानिया`**
**प्रकाशनः नेशनल प्रेस टाइम्स**
**लेखक के दो शब्द**
**सुरेंद्र मलानिया**

मैं बागपत हूँ₹ लेखमाला मेरे हृदय की वह धड़कन है, जो इस मिट्टी के कण-कण में गूंजती है। यह प्रयास उन कहानियों, संघर्षों और खुशबुओं को सहेजने का है, जो इतिहास की किताबों में नहीं, लोगों के दिलों में दर्ज हैं।

मैं विशेष रूप से आभार प्रकट करता हूँ नेशनल प्रेस टाइम्स का, जिसने इस श्रृंखला को मंच दिया, और उन हजारों पाठकों का जिन्होंने इसे अपने आत्मीय प्रेम और प्रतिक्रिया से संजीवनी दी। यह यात्रा जारी है... क्योंकि मैं बागपत हूँ, और आप मेरी पहचान।

खंड 1 से 12 तक झ एक संक्षिप्त झलक 1. बरनावा महाभारत की सभा और दुर्योधन का षड्यंत्र। 2. सिनौली पुरातत्व की वो खुदाई जिसने दुनिया को चौंका दिया। 3. अमीननगर सराय मुगलों की याद और स्वतंत्रता संग्राम की चिंगारी। 4. माया त्यागी कांड एक महिला के साथ हुआ पुलिस अत्याचार और राष्ट्रीय गुस्से की लहर। 5. चौधरी चरण सिंह बागपत का वह लाल, जिसने दिल्ली तक किसानों की आवाज पहुंचाई। 6. बसौद क्रांति का गढ़, जहाँ दिल्ली चलो की पुकार गूंजती थी। 7. बड़का बिजरौल शाहमल के मौन स्मारक की चुप्पी में क्रांति की गर्जना। 8. बागपत शहर तहजीब, संघर्ष और बदलाव का संगम। 9. मलकपुर जिसने बागपत को अमर शहीदों की पंक्ति में खड़ा किया। 10. जौहड़ी आंदोलन और किसान चेतना का अखाड़ा। 11. कोताना साहस, शिक्षा और खेल का उजाला। 12. तिलवाड़ा संतों, शहीदों और समरसता की गाथा। जहां कभी खड्डी की टक-टक से गलियाँ गूंजती थीं, आज वहाँ सन्नाटा है।

जहां कभी व्यापारी पगड़ी उतारकर आते थे, आज वो रास्ता ही बदल चुके हैं। यह कहानी है खेकड़ा की।

इतिहास की परतों में खेकड़ा

खेकड़ा, बागपत जनपद की तीसरी तहसील, महज एक प्रशासनिक इकाई नहीं, अपितु




इतिहास और संघर्ष का दस्तावेज है। प्राचीन काल में यह स्थान मेरठ और दिल्ली के मध्य एक प्रमुख पड़ाव रहा, जहाँ व्यापारियों, संतों और यात्रियों का रेला लगता था। 1857 की क्रांति में खेकड़ा व इसके आसपास के गाँवों ने अंग्रेजों के विरुद्ध साहसिक विद्रोह किया। इसके दंडस्वरूप कई घर जलाए गए।

राजनीतिक रूप से भी खेकड़ा कभी जाट और ब्राह्मण चेतना का गढ़ रहा, जहाँ चौपालों पर जन-निर्णय लिए जाते थे। बुनकरों की नगरी खेकड़ा की खड्डियाँ एक समय था जब खेकड़ा को 'बुनकर नगरी' के नाम से जाना जाता था। यहाँ की खड्डियाँ (हथकरघे) हर गली से टक-टक की आवाज निकालती थीं। यह व्यवसाय सिर्फ आजीविका नहीं, बल्कि सम्मान, पहचान और संस्कार था।दिल्ली, मथुरा, आगरा, अलीगढ़ जैसे शहरों से व्यापारी यहाँ कपड़ा लेने आते थे। दादा से पिता और पिता से बेटे तक चलती इस परंपरा ने खेकड़ा को जीवंत रखा।उत्पीड़न और उपेक्षा की आंधी लेकिन समय बदला।

आधुनिक मशीनें आईं, सरकार की नीतियाँ बड़े पूंजीपतियों के इर्द-गिर्द घूमने लगीं। खेकड़ा के कारीगर असहाय हो गए। व्यापारियों के साथ दुर्व्यवहार, दिनदहाड़े हत्या और लूट की घटनाओं ने माहौल को भयभीत कर दिया।

कई खड्डियाँ बंद हो गईं, कारीगर खाड़ी देशों की ओर चले गए। अब एकमात्र पहचान बची है कल्ली नामक फैक्ट्री, जो खेकड़ा के इतिहास की अंतिम लौ जैसी जल रही है। खेकड़ा आज के हालात आज खेकड़ा का व्यवसाय अव्यवस्था और उपेक्षा का शिकार है।

बिजली संकट, सुरक्षा का अभाव, प्रशिक्षण और विपणन की कमी ने इसे जड़ से हिला दिया है।जहाँ कभी खड्डी की आवाजें गूंजती थीं, अब वहाँ सन्नाटा है, बेरोजगारी की चुप्पी है।

**क्या खेकड़ा फिर जगेगा?**

हाँ, अगर...बुनकरों को सब्सिडी मिले, व्यापारियों को सुरक्षा मिले, प्रशिक्षण केंद्र खोले जाएं, और खेकड़ा को हथकरघा क्लस्टर के रूप में मान्यता दी जाए तो यह कस्बा फिर से बागपत की बुनाई राजधानी बन सकता है। खेकड़ा का अतीत गौरवशाली है, और भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। यह कस्बा सिर्फ खड्डी नहीं खो रहा, यह अपनी पहचान की लड़ाई लड़ रहा है। और यह लड़ाई अकेले खेकड़ा की नहीं, पूरे बागपत की है। क्योंकि जब तक एक भी गाँव दम भरता है, तब तक बागपत जीवित है।

**अगले अंक में पढ़िए**
**मैं बागपत हूँ खंड 14ः संस्कारों की सोंधी महक₹**
**लेखकः सुरेंद्र मलानिया**
**प्रकाशनः नेशनल प्रेस टाइम्स्र**

# सुरक्षा में रणनीतिक गेम चेंजर बनी ब्रह्मोस

हालिया सैन्य कार्रवाई में भारत ने सटीकता से लक्ष्य नष्ट करने में सक्षम ब्रह्मोस मिसाइल सुखोई एमकेआई-30 से छोड़ी। हमले का मकसद हासिल कर पायलटों के लिए न्यूनतम जोखिम यकीनी बनाया। कम ऊंचाई पर उड़ान व सुपरसोनिक क्रूज प्रोफाइल ने इसकी श्रेष्ठता सिद्ध की। तकनीकी युद्धक तरीकों के चलते ब्रह्मोस रणनीतिक गेम चेंजर बन रही है।

महायुद्ध के दौरान वायु सेना के महारथी कहा करते थे कि हवाई ताकत स्वाभाविक रूप से आक्रामक होती है और इसको अपना काम करने की पूरी छूट होनी चाहिए, जीत के लिए हवाई युद्ध में श्रेष्ठता होना आवश्यक है; बमवर्षक दुश्मन की रक्षा में सेंध लगा देते हैं और इसके बाद रणनीतिक बमबारी के जरिए उसकी इच्छाशक्ति को तोड़ा जा सकता है। हालिया सैन्य कार्रवाई में, भारतीय वायु सेना द्वारा हवा से प्रक्षेपित ब्रह्मोस का समायोजन सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से करने की सार्थकता फिर पुष्टि करती है कि यह सिद्धांत अभी भी उतना ही सही है, जिसकी वजह से पाकिस्तान युद्ध विराम का अनुरोध करने को मजबूर हुआ।

1983 में, भारत सरकार ने एकीकृत गाइडेड मिसाइल विकास कार्यक्रम का गठन किया। शुरूआत में यह बैलिस्टिक मिसाइलों पर केंद्रित था। लेकिन 1991 के खाड़ी युद्ध के दौरान इराकी वायु रक्षा प्रणालियों पर अमेरिकी युद्धपोतों और हवाई जहाजों से प्रक्षेपित टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों के विनाशकारी प्रभाव ने भारत को इसका दायरा बढ़ाने को प्रेरित किया। साल 1998 में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने अपने रूसी समकक्ष के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत ब्रह्मोस एयरोस्पेस संयुक्त उद्यम की स्थापना की गई। साल 2001 में ब्रह्मोस का पहला टैस्ट लॉन्च किया गया।

ब्रह्मोस एक दो-चरणीय क्रूज मिसाइल है, जिसके प्रथम चरण प्रकोष्ठ में एक ठोस प्रोपैलेंट बूस्टर भरा रहता है, जो मिसाइल को सुपरसोनिक (आवाज की गति) बना देता है। अपना काम पूरा करने के बाद, इस प्रकोष्ठ के अलग होने के उपरांत, आगे की उड़ान एक तरल-ईंधन चालित रैमजेट इंजन से होती है। जो इसे मैक-3 (ध्वनि की गति से तीन गुणा) जितनी क्रूज़िंग रफ्तार प्रदान करता है। यह मिसाइल 15 किमी की ऊंचाई लेकर महज 10 मीटर के बीच उड़ान भर सकती है और इसकी कार्य सीमा 300-800 किमी तक हो सकती है। यह 200-300 किलोग्राम तक का पारंपरिक वारहेड (विस्फोटक) ले जा सकती है और ह्यफायर-एंड-फॉरगेटह्व सिद्धांत पर काम करती है। दागे जाने के बाद, यह इनर्शियल नेविगेशन, उपग्रहीय मार्गदर्शन और इलाके की भूगोलीय रूपरेखा के मिलान का उपयोग करके अपने लक्ष्य तक स्वायत्त रूप से पहुंचती है, और एक मीटर से भी कम की सटीकता से वार करने में समर्थ है।

हवा-से-सतह पर मार करने वाला इसका संस्करण 2017 में बना और इसे 2020 में स्क्वाड्रन 222, टाइगर शार्क्स में शामिल किया गया था। ब्रह्मोस को इसकी परम गति, सटीकता और गतिज प्रभाव सबसे घातक पारंपरिक क्रूज मिसाइलों में से एक बनाती है। ब्रह्मोस की गति से बनने वाले सीधे प्रबलित प्रहार का आघात गहरे बंकरों, युद्धपोतों या कमांड सेंटर तक को नष्ट कर सकता है। इसकी गतिज यानी काईनैटिक ऊर्जा अमेरिकी टॉमहॉक मिसाइल से 32 गुना अधिक है।

जैसे-जैसे थल आधारित वायु रक्षा प्रणालियां अधिक सटीक एवं घातक होती जा रही, हवाई माध्यम (लड़ाकू विमान) को अपने काम को अंजाम देने में जो स्वतंत्रता पहले कभी हासिल थी, वह कम होती जा रही है। यूक्रेन-रूस युद्ध इसका जीवंत उदाहरण है। शुरूआती चरणों में अपने-अपने विमान बेड़े का भारी नुकसान उठाने के बाद, दोनों पक्षों ने युद्धग्रस्त क्षेत्रों में उड़ान भरने से परहेज करने और लंबी दूरी के हवाई हथियारों पर भरोसा करना शुरू किया।

यही तरीका हालिया भारत-पाक टकराव में देखने को मिला। न तो भारतीय और न ही पाकिस्तानी लड़ाकू विमान एक-दूसरे देश की वायु सीमा में दाखिल हुए। पाकिस्तानी हमलों में ज्यादा निर्भरता तुर्किये निर्मित ड्रोनों पर रही, जिनमें अधिकांश मार गिराये गये। पाकिस्तान ने ह्यफतहह्व नामक बैलेस्टिक मिसाइल का भी उपयोग किया। इन बैलिस्टिक मिसाइलों का राडार क्रॉस-सेक्शन मार्क अधिक होता है और वे एक पूर्वानुमानित लीक, उच्च-ऊंचाई वाले परवलयिक प्रक्षेप पथ (हाई आल्टीट्यूड पैराबॉलिक ट्रैजेक्ट्री) का अनुसरण करती हैं। यह उनकी कमजोरी भी बन जाता है, जिसका आकलन करके, उन्हें हवा में ही नष्ट करना आसान हो जाता है। निश्चित रूप से, भारत ने तमाम हमलावर मिसाइलों को मार गिराया। इसके विपरीत, भारत ने एकदम सटीकता के साथ लक्ष्यों को नष्ट करने की क्षमता रखने वाली ब्रह्मोस मिसाइलों को सुखोई एमकेआई-30 से छोड़ा। हालांकि विस्तृत परिणाम गोपनीय ही रहेंगे, लेकिन इनकी मार का असर निर्विवाद है। इन मिसाइलों ने सटीक हमले के मकसद हासिल करते हुए, पायलटों के लिए न्यूनतम जोखिम सुनिश्चित किया। कम ऊंचाई पर उड़ने की अपनी क्षमता, सुपरसोनिक क्रूज प्रोफाइल के कारण, ब्रह्मोस को मौजूदा वायु रक्षा प्रणालियों के साथ रोक पाना लगभग असंभव है। भारतीय वैज्ञानिक पहले से ही भविष्य के अधिक घातक संस्करण, ब्रह्मोस-एनजी (नेक्स्ट जेनरेशन) विकसित करने में लगे हैं। यह छोटी और हल्की होंगी और तेजस, मिराज और राफेल जैसे विमानों से छोड़ी जा सकेंगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह करते वक्त गति, दायरा, मारक क्षमता या चुपके से मार करने की विशेषता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे रडार से लैस करने से इनकी सटीकता और बढ़ जाएगी।

# बीएसएफ के सेवानिवृत निरीक्षक विजय कुमार शुक्ल को मिला राष्ट्रपति पुलिस सेवा पदक

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

अमेठी। जिले के संग्रामपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा बदलापुर के मेंहदा गांव निवासी विजय कुमार शुक्ल सीमा सुरक्षा बल में लगभग 39 साल की सेवा करने के उपरांत जुलाई 2024 को इंस्पेक्टर रैंक से सेवानिवृति हुए थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित किया । उनके सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें 23 मई 2025 को राष्ट्रपति पुलिस सेवा पदक से गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह द्वारा सम्मानित किया गया। बताते चलें की राम बहादुर शुक्ल के 6 पुत्रों में दूसरे पुत्र के रूप में जन्मे विजय कुमार शुक्ल का छात्र जीवन से ही देश के प्रति सेवा व समर्पण का जज्बा रहा। 20 दिसंबर 1985 में सीमा सुरक्षा बल में भर्ती होने के पश्चात देश के विभिन्न दुर्गम क्षेत्रों में अपनी सेवा प्रदान की उनके साहस ,वीरता व अदम्य कौशल के लिए अनेकों सम्मानों से जैसे कि अति



उत्कृष्ट सेवा पदक से माननीय गृह मंत्री द्वारा पहले भी सम्मानित किया जा चुका है। अपने बधाई संदेश में डॉ अर्जुन शुक्ल ने कहा कि हमारे भाई को सम्मान मिलने से परिवार व जिला का सम्मान बढा हैं।

युवा समाज सेवी आशीष शुक्ल ने बताया कि हमारे चाचा देश व प्रदेश और जिले के मान सम्मान को बढ़ाया। प्रारंभ कल से ही राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहे।

डॉ पवन कुमार पाण्डेय ने बताया कि छात्र जीवन से ही उनके देशभक्ति का जज्बा विद्यमान रहा। और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं।इस अवसर पर रामजी तिवारी, के के शुक्ला, डॉ पवन कुमार पाण्डेय, गिरवर दयाल शुक्ल, कन्हैयालाल शुक्ल, राम गोपाल शुक्ल ,आशीष शुक्ल ,अनिल मिश्र, अरूण द्विवेदी, नन्हे लाल , सहित कई लोगों ने बधाई दी।

# गाँधी पार्क में समस्याओं को लेकर दिव्यांग जनों की बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

मुसाफिरखाना-अमेठी।रविवार को भारतीय जाग्रति मिशन दिव्यांग संघ एवम सशक्त दिव्यांग आत्म निर्भर ट्रस्ट के तत्वाधान मे दिव्यांग जनों की समस्याओ के समाधान हेतु एक बैठक का आयोजन गाँधी पार्क मुसाफिर खाना मे संपन्न हुई।

जिसमे दिव्यांग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता एवं शशक्त दिव्यांग आत्म निर्भर ट्रस्ट के रास्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मिश्र मण्डल अध्यक्ष पप्पू यादव ने सयुंक्त रुप से कहा की सरकार दिव्यांग जनों को 1000 माह



के स्थान पर 5000रुपए पेंशन प्रदान करें दिव्यांग जनों का आयुष मान कार्ड जारी किया जाय। और दिव्यांग जनों को आवास प्रदान किया जाये। दिव्यांग जनों को यातायात संचालन हेतु ट्रैफिक वार्डन मे नियुक्ति दी जाये। दिव्यांग जनों के लिए सरकारी विभागों मे रेम्प बनाया जाये। दिव्यांग जनों को सरकारी कार्यालओ मे निशुल्क दुकाने आवंटित किया जाये ।अगर जल्द ही दिव्यांग जनों की समस्याओ का समाधान नहीं किया गया तो दिव्यांग जन जिला अधिकारी कार्यालय मे धरना प्रदर्शन करेंगे साथ ही मुख्य मंत्री कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

इस बैठक मे प्रमुख रूप से दिनेश कुमार गुप्ता प्रेम प्रकाश मिश्र,पप्पू यादव मण्डल अध्यक्ष हरी प्रसाद यादव जिला अध्यक्ष हरिकेश गुप्ता गुलाब सोनी बाबा धर्म गिरी राजा राम महिपात राम पिंटू सिंह विनोद कुमार रोहित यादव दीपक मौर्या मथुरा प्रसाद राजकुमार आदि प्रमुख रूप से शामिल रहें।

# 26 मई को अमेठी आएंगी स्मृति ईरानी, रणंजय इंटर कॉलेज में होगा स्वागत जन समारोह

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

अमेठी। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद पहली बार केंद्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति ईरानी सोमवार 26 मई को एकदिवसीय दौरे पर अमेठी आ रही हैं। भाजपा कार्यकताओं ने उनके स्वागत के लिए व्यापक तैयारियाँ की हैं। इस दौरान स्मृति ईरानी गौरीगंज के जामो रोड स्थित श्री रणंजय इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित एक स्वागत जन समारोह को संबोधित करेंगी। कार्यक्रम का समय दोपहर 3ः00 बजे निर्धारित किया गया है। इस दौरे को लेकर पार्टी पदाधिकारियों और समर्थकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वहीं विपक्ष की निगाहें भी इस कार्यक्रम पर टिकी हैं, क्योंकि यह दौरा चुनाव परिणाम के बाद सांसद के पहले सार्वजनिक संवाद के रूप में देखा जा रहा है। नौतपा की तीव्र गर्मी के बीच जिले का सियासी पारा चढ़ने के पूरे आसार हैं। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं।

# भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**



बाराबंकी। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के पराक्रम को सम्मान देने के लिए रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। शक्ति केंद्र संयोजक अखिल गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने बड़ागांव क्रासिंग से हनुमान मंदिर तक तिरंगा यात्रा निकालकर सेना के शौर्य को सलाम किया। बताते चलें कि देशभर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है, इसी के तहत रविवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा बड़ागांव क्रासिंग स्थित अखिल गुप्ता के प्रतिष्ठान से शुरू होकर बड़ागांव चौराहा और अन्य मार्गो से होते हुए हनुमान मब्दीर पर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि संस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजकुमार सोनी कहा कि इतिहास में पहली बार परमाणु हथियार संपन्न देश के ऊपर ऐसी कार्रवाई की गई। पहली बार सिंधु जल समझौता तोड़ा गया। भारतीय वायु सेना के कार्रवाई से पाकिस्तान के लगभग प्रत्येक शहर के आतंकी ठिकानों और उनके एयर बेस को ध्वस्त किया गया। इस यात्रा में भारतीय सेना के जयघोष के साथ मंडल महामंत्री जिला प्रतिनिधि प्रवीण मिश्र , वरिष्ठ पदाधिकारी देवी शंकर सोनी बूथ अध्यक्ष सुरजन सिंह व राकेश कुमार तथा युवा कार्यकर्ता सोनू गुप्ता , कम्पनी जयसवाल नैतिक गुप्ता , रमन कुमार , सुधीर कुमार तथा सभी मंडल के सदस्य मौजूद रहें।

# डीएम और एसपी ने किया शाहाबाद में पुस्तकालय और मीटिंग हॉल निर्माण के लिए जमीनों का मुआयना

## चौड़ा होगा शाहाबाद - रामपुर- बाजपुर स्टेट हाईवे मिट्टी का कार्य शुरू कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। नगर विकास विभाग द्वारा शाहबाद में पुस्तकालय बनाया जाएगा, जिसके निर्माण के लिए कई जगहों पर जमीनों को देखा गया। अततः शनिवार को डीएम जोगिंदर सिंह ने शाहबाद पहुंचकर स्थानीय प्रशासन के प्रस्ताव पर चंदौसी तिराहे स्थित पुराने सीओ ऑफिस के भवन की जमीन पर पुस्तकालय बनाए जाने की हरी झंडी दी। साथ ही साथ शाहबाद के खंड विकास कार्यालय में प्रस्तावित बहुउद्देशीय मीटिंग हॉल के निर्माण के लिए ब्लॉक कार्यालय के पीछे खाली पड़ी जमीन का चयन किया गया। डीएम और एसपी ने उससे पहले शाहबाद - रामपुर स्टेट हाइवे के



चौड़ीकरण के लिए चल रहे मिट्टी के कार्य को भी देखा। वहीं शाहबाद रामपुर मार्ग पर रेवड़ी तिराहे पर बन रही पुलिस चौकी का डीएम जोगिंदर सिंह और एसपी विद्यासागर मिश्रा ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। डीएम जोगिंदर सिंह ने बताया कि शाहबाद - रामपुर- बाजपुर मार्ग के चौड़ीकरण के लिए सड़क के दोनों तरफ चल रहे मिट्टी डालने के कार्य का निरीक्षण किया गया। जल्द ही यह सड़क चौड़ी हो जाएगी। सड़क चौड़ी होने से मुख्यालय जाने के लिए लोगों को बहुत राहत मिलेगी। ब्लॉक में साढ़े तीन करोड़ की लागत से बहुउद्देशीय मीटिंग हॉल बनाया जाएगा, जिसके लिए आज भूमि का चयन किया गया है। वहीं नगर विकास विभाग द्वारा शाहबाद नगर में बच्चों की पढ़ाई के लिए एक लाइब्रेरी बनाई जाएगी जो कि सरकारी कार्यालय के खंडहर भवन को तोड़कर उस जमीन में बनेगी। इस दौरान एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, तहसीलदार राकेश चंद्रा, ईओ पुष्पेंद्र सिंह राठौर, कोतवाल पंकज पंत, बीडीओ प्रमोद कुमार, चेयरमैनपति वसीम खा आदि रहे।

# रविवार को जीजीआईसी में आयोजित समर कैंप के पांचवें दिन स्वास्थ्य से संबंधित दी जानकारी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। रविवार को जीजीआईसी में आयोजित समर कैंप के पांचवें दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद की डॉक्टर वतन कौर द्वारा सीपीआर विधि और प्राथमिक उपचार में दी जाने वाली दवाओं के बारे में जानकारी दी।छात्राओं को सीपीआर विधि के विषय में डेमो देकर हार्ट अटैक के दौरान प्राथमिक उपचार देकर मरीज की जान बचाने के बारे में बताया गया।



साथ ही साथ प्राथमिक चिकित्सा के दौरान मरीजों को दी जाने वाली जरूरी दवाओं के बारे में जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम चिकित्सा अधीक्षक डॉ चंदेल के आदेशानुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीपीआर विधि के बारे में डॉक्टर ने बताया गया कि आपकी जागरूकता किसी की जान बचा सकती है।

छात्राओं ने सीपीआर विधि की पूरी प्रक्रिया को सिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान जीजीआईसी प्रधानाचार्या वंदना शर्मा, डॉ वतन कौर आदि रहे।

# अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विशेष सचिव ने गौ आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश शासन के नोडल अधिकारी अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विशेष सचिव ने रमेश चंद्र शनिवार को जनपद में संचालित वृहद गो संरक्षण केंद्र फाजलपुर का निरीक्षण किया।



पशुपालन विभाग के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कंसल से गौशाला से संबंधित जानकारी दी जिसमे उन्होंने नियुक्त किये गये गौ सेवकों को परिचय पत्र उपलब्ध कराया जाने बात कही। जिससे उनकी जिम्मेदारी तय की जा सकें। खंड विकास अधिकारी को गौशाला के रात्री में औचक निरीक्षण कर रात्री कालीन गो सेवकों की स्थिति चेक करने के लिए कहा।

## गोवंशों को हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए मिनरल मिक्सचर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये

शनिवार को मुरादाबाद में संचालित फाजलपुर गौ आश्रय स्थल के निरीक्षण के दौरान अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विशेष सचिव ने गोवंशों को नियमित रूप से नमक का सेवन कराया जाने की बात कही। गोवंशों को भरण-पोषण सामग्री उनके वजन के अनुसार दिये जाने की जानकारी की। गोवंश की संख्या अंकित करने वाली पंजिका पर ग्राम विकास अधिकारी के दैनिक रूप से हस्ताक्षर करने को कहा। वहीं अभिलेखों के अनुसार गौशाला पर कुल 126 गोवंश पंजिका में इन्द्राज पाये गए। जिनमें 56 नर व 70 मादा गोवंश अंकित थें। लू से बचाव के लिए किए गए उपाय-गौशाला पर सभी शेडों में जूट के पर्दे लगा मिले। जोकि पानी से भिगे थे। गौशाला पर स्वच्छ एवं ताजे पानी की व्यवस्था की गयी थी। गोवंशों को हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए मिनरल मिक्सचर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान मुरादाबाद मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कंसल, गौशाला के नोडल अधिकारी अंकित गिरी, नायब तहसीलदार सदर मुरादाबाद, खण्ड विकास अधिकारी मुरादाबाद स्वाती सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी परवेज अहमद एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब सिंह उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### शाहबाद के पुराने तहसील ग्राउंड का होगा सौंदर्यीकरण, बनेगी टंकी

शाहबाद। शहर के बीचोबीच पुरानी तहसील के खाली पड़े मैदान के दिन अब बहुंरने वाले है। मैदान का सौंदर्यीकरण के साथ उसमें पार्क का निर्माण कराया जाएगा वहीं एक तरफ पानी की टंकी भी बनेगी। डीएम जोगिंदर सिंह ने ईओ को निर्देशित करते हुए पुरानी तहसील के मैदान का सौंदर्यीकरण के साथ पार्क बनाए जाने के निर्देश दिए।

### साढ़े तीन करोड़ से ब्लॉक में मीटिंग हाल का होगा निर्माण

शाहबाद। खंड विकास कार्यालय में प्रस्तावित मीटिंग हॉल के लिए जमीन का चयन करने के बाद डीएम जोगिंदर सिंह ने बताया कि ब्लॉक में साढ़े तीन करोड़ रुपए की लागत से बहुउद्देशीय मीटिंग हॉल बनाया जाएगा।

### 7 से 8 माह में तैयार हो जाएगा शाहबाद-रामपुर- बाजपुर स्टेट हाइवे

शाहबाद। रामपुर- शाहबाद स्टेट हाइवे के चौड़ीकरण के लिए सड़क के दोनों तरफ मिट्टी डाले जाने का कार्य शुरू हो चुका है। शनिवार को डीएम जोगिंदर सिंह ने मिट्टी के काम का निरीक्षण किया। मिट्टी का काम धीमी गति से होने पर कार्यदायी संस्था को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मार्ग का काम 7 से 8 माह में पूरा हो जाएगा। इस मार्ग के चौड़ीकरण से होने से लोगों को बहुत राहत मिलेगी। रामपुर जाने वाले राहगीरों को बहुत फायदा होगा। हालांकि पीडब्ल्यूडी विभाग ने बताया कि फिलहाल मिट्टी का काम चल रहा है, वन विभाग की एनओसी मिलते ही कार्य शुरू हो जाएगा।

### कांजी हाउस की जमीन पर बनेगा बहुमंजिला मार्केट

शाहबाद। लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से शाहबाद में डीएम के निर्देश पर कोतवाली के बराबर कांजी हाउस की जमीन पर बहुमंजिला मार्केट का निर्माण कराया जाएगा। शनिवार को डीएम जोगिंदर सिंह ने जमीन का मुआयना करते हुए ईओ पुष्पेंद्र सिंह राठौर को जमीन पर बहुमंजिला मार्केट बनाकर लोगों को रोजगार दिए जाने के निर्देश दिए।

### शाहाबाद में पीडब्लूडी के अधिकार क्षेत्र में आ रही दुकान को किया ध्वस्त

रामपुर शाहबाद। भमौरा - शाहबाद - बिलारी स्टेट हाइवे के चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है।शाहबाद के बीचोबीच होकर यह सड़क गुजरती है जिसको चौड़ा किया जाएगा। सड़क के दोनों तरफ कुछ दिन पूर्व पीडब्लूडी विभाग ने जद में आ रही दुकानों व मकानों पर लाल निशान लगाए थे। वहीं शनिवार को ढकिया तिराहे पर पीडब्ल्यूडी के अधिकार क्षेत्र में आ रही अवैध दुकान को डीएम के निर्देश ढहा दिया गया। बताते चले कि दुकान प्रशासन की नजर में उस समय आई थी जब दुकान के बराबर में बनी बिल्डिंग को नगर पंचायत ने गिराया था। ध्वस्तीकरण के दौरान हल्का लेखपाल रमन कुमार, लेखपाल मो सालिक समेत पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौजूद रहे।

### भीम आर्मी ने आयोजित किया दलित, मुस्लिम एवं पिछड़ा वर्ग महासम्मेलन

बरेली। मीरगंज क्षेत्र में भीम आर्मी द्वारा एक भव्य दलित, मुस्लिम एवं पिछड़ा वर्ग महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भीम आर्मी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलदीप भार्गव उपस्थित रहे।

कार्यकताओं ने सिंधौली चौराहे पर सैकड़ों की संख्या में एकत्र होकर डॉ. भार्गव का भव्य स्वागत किया। जनसैलाब के साथ निकाले गए रोड शो के माध्यम से वे कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे, जहां उपस्थित जनसमूह ने उनका जोरदार अभिनंदन किया। अपने संबोधन में डॉ. भार्गव ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा, ्गांव-गांव की जनता भाजपा की अत्याचारपूर्ण नीतियों और गुंडागर्दी से त्रस्त है। अब वक्त आ गया है कि भीम आर्मी का हर कार्यकर्ता जनता के सुख-दुख में सहभागी बनकर उन्हें भाजपा के चंगुल से मुक्त कराए।्व उन्होंने 2026 के पंचायत चुनाव को परिवर्तन का अवसर बताते हुए कार्यकताओं से आह्वान किया कि ्इस बार भाजपा को करारा जवाब देना है।्व

# शादी करने जा रहे दूल्हे तथा परिजनों की डायल 112 पुलिस ने की जमकर पिटाई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद । क्षेत्र के गांव ढकिया नरू निवासी अर्जुन पुत्र ओमप्रकाश परिजनों के साथ शनिवार की रात लगभग 1 बजे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शादी करने दिल्ली गुड़गांव जा रहा था।जिसके लिए किराए पर दूल्हे ने गाड़ियां बुक की थी इसके बाद टोल टैक्स देने को लेकर दूल्हे और परिजनों का गाड़ी वालों से विवाद शुरू हो गया। जिसमें गाड़ी वाले अपनी अपनी गाड़ियां लेकर भाग गए। जिसके बाद दूल्हे ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उल्टा दूल्हे और परिजनों की पिटाई शुरू कर दी



पुलिस द्वारा मारपीट का वीडियो बनाया गया-जिसमें दूल्हे का पिता गंभीर रूप से घायल हो गया इसके बाद परिजनों ने घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। यहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया दूल्हे और परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया की पुलिस द्वारा मारपीट का वीडियो बनाया गया लेकिन पुलिस ने सभी के फोन छीन लिए।ओर वीडियो डिलीट कर दी।जिसमें दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने भेज दिया। फिलहाल दूल्हा परिजनों के साथ न्याय के लिए भटक रहा है क्योंकि जब न्याय करने वाली पुलिस ही मारपीट शुरू कर दे। तो आखिर पीड़ित न्याय के लिए अब जाए कहां।

# विवाहिता को न्याय दिलाने पहुंचे किन्नर पुलिस चौकी पर जमकर हंगामा

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

चौसाना। विवाहिता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर किन्नर समाज के लोगों ने शनिवार को चौसाना पुलिस चौकी पर जमकर हंगामा किया। आरोप है कि पीड़िता की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। उल्टा मुकदमा दर्ज करने के बदले में डेढ़ लाख रुपये की मांग कर रही है। प्रदर्शन के दौरान किन्नरों ने चौकी पर नारेबाजी करते हुए पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए, जिससे पुलिसकर्मियों में अफरा-



तफरी मच गई।

पीड़िता नस्ताईन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी कुछ वर्ष पूर्व बसी गांव, जिला सहारनपुर निवासी युवक से हुई थी। दोनों की एक बेटी भी है और वह वर्तमान में गर्भवती है। कुछ समय से ससुराल में दहेज को लेकर विवाद चल रहा था, जिस कारण वह अपने मायके चौसाना में रह रही थी। इस बीच उसके पति ने दूसरी शादी कर ली। जब इस बात की शिकायत पुलिस चौकी पर की गई तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। किन्नर समाज ने चेतावनी दी है कि अगर पीड़िता को जल्द न्याय नहीं मिला और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो चौसाना में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। किन्नरों ने कहा कि समाज में जब भी अन्याय होता है, वे पीछे नहीं हटते और इस बार भी पीछे नहीं हटेंगे।

## एसआरएमएस में एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड पर वर्कशॉप आयोजित

बरेली। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के क्षेत्र में चिकित्सकों की जानकारी बढ़ाने और प्रैक्टिकल कुशलता के लिए एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड (ईयूएस) पर एक दिवसीय वर्कशॉप हुई। मेडिकल कॉलेज के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग की ओर से आयोजित इस वर्कशॉप में एकेडमिक लेक्चर, लाइव सर्जरी के साथ प्रेक्टिकल प्रशिक्षण के सेशन हुए। गाजियाबाद के प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. संजय गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड के मूलभूत सिद्धांतों, वर्तमान की क्लीनिक जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करते हुए ₹ईयूएस की एबीसी₹ पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में गैस्ट्रो संबंधित बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। इनमें इससे संबंधित कैंसर भी एक है। ऐसे में हम सबको इस क्षेत्र में हो रहे शोधों और अत्याधुनिक तकनीकों की जानकारी जरूरी है। इसी की मदद से गैस्ट्रो के मरीजों का उपचार आसार होगा। इसके लिए ऐसे वर्कशॉप महत्वपूर्ण हैं। जहां व्यावहारिक प्रशिक्षण मिल सके। डा. गर्ग ने एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड (ईयूएस) के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी और इसकी मदद से आरंभिक चरणों में गैस्ट्रो संबंधित दिक्कतों का आसानी से पता लगाने पर जोर दिया। एसआरएमएस आईएमएस के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला ने क्लीनिकल कार्यशाला आयोजित करने के लिए टीम को बधाई दी और ऐसी वर्कशॉप पर जोर दिया।

# सऊदी अरब से लौटे युवाओं के पेट से निकल रहा सोना, पुलिस के उड़े होश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। देर रात रामपुर जनपद के टांडा निवासी कुछ युवकों को पुलिस ने बदमाशों के चंगुल से आजाद कराकर हिरासत में लिया था। ये युवक सऊदी अरब और दुबई से लौटे थे। इन 6 लोगों का बदमाशों ने बीच रास्ते अपहरण कर लिया। सूचना पर पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की। मुठभेड़ में दो बदमाशों को एनकाउंटर के दौरान गिरफ्तार किया। साथ ही पुलिस ने सभी 6 लोगों को बदमाशों के चंगुल से छुड़ाकर अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस को शक था कि ये लोग सोना तस्करी से जुड़े हुए हो सकते हैं। पुलिस हिरासत में लिए गए युवकों को जिला अस्पताल ले आई और उनकी स्कैनिंग कराई गई जहां पर चौंकाने वाला खुलासा हुआ। हिरासत में मौजूद सभी युवकों के पेट में सोना छिपा हुआ था। जो इन्होंने विदेश से आने से पहले खाया था। मिली जानकारी के अनुसार अब तक दो युवकों के पेट से करीब 150 ग्राम सोना निकाला जा चुका है,वहीं शेष युवकों की स्कैनिंग को जा रही है।

वहीं मुरादाबाद एसएसपी सतपाल अंतिल ने दो युवकों के पेट से 7 गोलियां निकाले जाने की पुष्टि की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इन लोगों के पेट में दवाई डालकर सोना निकालने की कोशिश की जा रही है।




**यह है मामला** - घटना पर जानकारी देते हुए एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि मूंढापांडे थाना इंस्पेक्टर को एक सूचना मिली की कुछ लोग दिल्ली से काम करके आ रहे थे जो की संभावित विदेश में कहीं काम करते हैं वह जैसे ही मूंढापांडे थाना क्षेत्र पहुंचे उनको एक बोलेरो और एक स्विफ्ट कर ने आगे से ओवरटेक करके रोक लिया और उन्हें जबरन गाड़ी में डालकर मूंढापांडे थाना क्षेत्र की चौकी रौंढा झोड़ा तरफ जंगलों में ले गए, जब पुलिस ने उनका पीछा किया और जंगल में उनको घेर लिया तो पुलिस को आते देख वहां से भागने का प्रयास किया इसके बाद पुलिस टीम द्वारा बदमाशों की कांबिंग की गई काफी देर बाद जब दो बदमाशों ने अपने आप को घिरता हुआ देखा तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है, जबकि दो बदमाश मौका पाकर फरार हो गए हैं। जिन लोगों को किडनैप किया गया था उनसे पूछताछ की गई है। इन्होंने बताया कि यह लोग विदेशी नौकरी कर कर आ रहे थे बदमाशों द्वारा इन लोगों को इसलिए उठा लिया था की इन्होने अपने पास गोल्ड छुपा रखा है। जांच कराई जा रही है और फरार अभियुक्त की तलाश में पुलिस की टीम काम कर रही है जल्द ही इस घटना में बड़ा खुलासा किया जाएगा।

युवक के पेट में लगभग 700 से 800 ग्राम तक सोना होता है- इन सोना तस्करों ने सोना निकलवाने के चक्कर में एक और युवक इमरान पुत्र युसुफ का भी ऑपरेशन कराकर सोना निकालवाया गया है। शिकायती पत्र में बताया गया है कि एक युवक के पेट में लगभग 700 से 800 ग्राम तक सोना होता है। पिछले वर्ष लगभग 29 युवा एयपोर्ट लखनऊ से भागे थे,जिसके बाद 08 कस्टम अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था। ये युवा इन्ही तस्करों द्वारा भेजे गए थे। आजकल ये तस्कर इन युवाओं को मुम्बई एयरपोर्ट पर उतार रहें है। ये तस्कर पैसा हवाला द्वारा विदेशों में भेजते हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि टाण्डा रामपुर के ऐसे युवाओं की सूची तैयार की जाए जो विदेश से लौटे हैं,उनकी जाँच कराई जाए तो आज भी उन यात्रियों के पेट में सोना मिल जाएगा। आज भी टाण्डा के 20 से 25 युवा पेटों में सोना लेकर धूम रहे है।

# महारानी अहिल्याबाई होलकर जी के त्रिशताब्दी जन्मोत्सव पर आज घाट साज सज्जा महोत्सव सम्पन्न

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
ललितपुर -भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर महारानी अहिल्याबाई होलकर जी की त्रिशताब्दी जन्मोत्सव के अवसर पर चल रहे कार्यक्रमों के अन्तर्गत आज सुम्मेरा तालाब घाट पर साज सज्जा कर दीप जलायें गये।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि चंडी धाम के महंत पूज्य चन्द्रेश्वर गिरि महाराज एवं विशिष्ट अतिथि महंत कुंआतला पूज्य बलराम पुरी ने घाट पर विधि-विधान से पूजन अर्चन कराया । इसके बाद दीप जलाकर घाट पर दीपोत्सव कार्यक्रम किया गया और उसके बाद घाट पर सामुहिक आरती उतारी गयी जिससे वातावरण भक्तिमय



हो गया। कार्यक्रम की सामुहिक अध्यक्षता बुन्देल खण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे ने की ने की एवं संचालन कार्यक्रम सह संयोजक मोहनलाल रैकवार ने किया।

इस अवसर पर महंत चंडीधाम पूज्य चन्द्रेश्वर गिरि जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुण्य श्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर जी की पुण्य स्मृति में हम लोग यहां एकत्रित हुए हैं।वे भगवान शंकरजी की अनन्य भक्त थीं।कहते हैं उन्हें भगवान शिव जी ने कई बार पर उन्हें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दर्शन दिए थे।जो इतिहास महारानी अहिल्याबाई जी ने रचा उसे आज के सब धमार्चार्य,साधु सन्त ,अपनी स्मृति में बना कर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों महारानी अहिल्याबाई होलकर जी ने जो हिन्दू धर्म के लिए कार्य किया उसके लिए हिन्दू समाज सदैव उनका ऋणी रहेगा ।

अन्त में कार्यक्रम संयोजक डा दीपक चौबे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# विशेष सचिव रेशम विकास/नोडल अधिकारी नें परियोजनाओं का निरीक्षण किया



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
ललितपुर सुनील कुमार वर्मा (आई0ए0एस0), विशेष सचिव, रेशम विकास एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद नोडल अधिकारी के रूप में जनपद में विभिन्न योजनाओं का शनिवार को निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सर्वप्रथम नगर में अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण किया गया। इलाइट चौराहा के पास निमार्णाधीन 2700 ङ्क्छ/27 ट स्टेजिंग की क्षमता के डऌळ का निरीक्षण किया गया, डऌळ की प्रगति लगभग 60 प्रतिशत पायी गयी। सहायक अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि प्रोजेक्ट को पूर्ण होने का निर्धारित समय जुलाई 2025 है, परन्तु उक्त कार्यों को पूर्ण होने में लगभग 6 माह अतिरिक्त समय लगेगा। योजना अन्तर्गत बिछाई गई पाइपलाइन का निरीक्षण कई जगह गड्ढे खुदवाकर किया गया।

इसके बाद मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया गया। जिसमें वर्तमान में केवल अकेडमिक कार्य ही किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज में अभी विद्युत उपलब्धता भी नहीं पायी गयी। सहायक अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग को शीघ्र विद्युत सम्बन्धी कार्य कराने हेतु निर्देशित किया गया।*निरीक्षण के दौरान 300 बेड के नए चिकित्सालय में बालिका हॉस्टल की दोनों लिफ्ट एवं लेक्चर थिएटर की तीन में से दो लिफ्ट खराब मिली, जिस पर विशेष सफेद महोदय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल लिफ्ट को सुधरवाने के निर्देश दिए गए।

# मई से टेट पास शिक्षामित्र लखनऊ के ईको गार्डन में करेंगे शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
ललितपुर। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक बार फिर शिक्षामित्रों के संगठन शिक्षक / शिक्षामित्र उत्थान समिति उप्र के तत्वाधान में जनपद के शिक्षामित्रों ने 27 मई को लखनऊ के इको गार्डन में अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करना सुनिश्चित किया है। यह धरना प्रदर्शन सरकार द्वारा नजरअंदाजी के चलते किया जा रहा है, जिसमें टेट सीटेट उत्तीर्ण शिक्षामित्रों के संगठन शिक्षक / शिक्षामित्र उत्थान समिति उप्र द्वारा पिछले 8 वर्षों से लगातार अपनी मांग रखी जा रही है, जिस पर किसी भी प्रकार की सरकार द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया है जबकि आज की इस भीषण महंगाई में मात्र 10000 में शिक्षामित्र अपने पूरे परिवार को बमुश्किल पाल रहा है। जनपद के शिक्षामित्रों ने आपस में विचार विमर्श किया और बैठक की तथा उन्होंने लखनऊ जाने के लिए तन मन धन से सहयोग करने का निर्णय करते हुए। बैठक में रेखा लिटौरिया जिलाध्यक्ष शिक्षक / शिक्षामित्र टेट सीटीईटी उत्तीर्ण उत्थान समिति, नीलम तिवारी महामंत्री, रक्षपाल सिंह जिला संरक्षक, राजीव त्रिपाठी जिला कोषाध्यक्ष, महेंद्र पटेल जिला संगठन मंत्री, उर्मिला साहू महिला प्रभारी, आराधना द्विवेदी जिला संयोजक, रामपाल अहिरवार जिला संयुक्त मंत्री, गणेशराम जिला प्रवक्ता, रामदेवी निरंजन जिला सहसंयोजक, रचना चौहान जिला मंत्री, प्रीति ठाकुर जिला सचिव, शिशुपाल जिला मीडिया प्रभारी, बालमुकुंद दुबे सचिव, देवेंद्र पुरोहित वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बालकदास जिला महासचिव एवं जिला उपाध्यक्ष सायरा ने इस शांतिपूर्ण धरने में सभी साथियों को अपनी सहभागिता देने का प्रार्थना की है। नीति मिश्रा जिला सचिव एवं बिरधा ब्लॉक अध्यक्ष ने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए धरने में प्रतिभाग करते हुए लखनऊ में लगातार धरने में उपस्थित रहने के लिए कमर कसी।

# शहजाद और सजनाम बांध की नहरों में रुकेगा लीकेज


**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
ललितपुर। शहजाद और सजनाम बांध की नहरों को मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है।सीपेज, लीकेज से होने वाली पानी की बबार्दी रोकी जाएगी। जो पानी बचेगा उससे सिंचित क्षेत्र बढ़ेगा और किसानों को फायदा होगा।

तहसील तालबेहट क्षेत्र में शहजाद नदी पर निर्मित बांध में संरक्षित पानी से लोगों को पेयजल की आपूर्ति की जाती है। साथ में किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाता है। बांध से 116.60 किलोमीटर दाईं व बाईं नहर निकली है। इसी प्रकार तहसील महरौनी क्षेत्र में 40 वर्ष पूर्व बने सजनाम बांध से 39.950 किमी लंबी दो मुख्य नहरें हैं। दाईं 19.650 किलोमीटर और बाईं नहर 20.300 किलोमीटर लंबी है।

काफी पुराने होने के कारण ये नहरें जर्जर अवस्था में पहुंच गई हैं। इनमें पानी छोड़े जाने के दौरान लीकेज और सीपेज से काफी पानी बर्बाद होता है। पानी नहर के अंतिम छोर तक नहीं पहुंचता। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए सिंचाई विभाग ने शहजाद बांध की दाईं और सजनाम बांध की बाईं नहर को आदर्श नहर योजना में शामिल किया। कार्ययोजना को स्वीकृति मिलने के बाद शहजाद बांध की दाईं नहर का करीब दो करोड़ रुपये से जीर्णोद्धार कर इसकी लाइनिंग कर इसे मॉडल नहर बनाया गया। वहीं, सजनाम बांध की बाईं नहर पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से काम किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार यह काम अंतिम चरण में है।

अधिशासी अभियंता राजघाट निर्माण खंड शैलेष कुमार ने बताया कि शहजाद बांध से संचालित होने वाली दाईं नहर का आदर्श नहर योजना के तहत जीर्णोद्धार कराया गया है। पानी बचने से सिंचित क्षेत्र बढ़ेगा।

# वृन्दावन में ई रिक्शाओं बने जाम की मुख्य बजह, राहगीर रहे परेशान



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
मथुरा । ना ही तीज और ना ही त्यौहार, फिर भी वृंदावन की सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार। प्रशासन द्वारा लाख कोशिशों के बाद भी ये सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार की सुबह से ही शहर की हर सड़क पर ई रिक्शाओं की अनगिनत संख्या के चलते लंबी लंबी कतार लग गई। जाम में फंसे श्रद्धालु न तो समय पर मंदिरो के दर्शन को ही पहुंच पा रहे थे और न ही अपने वाहनों को पार्किंग तक पहुंचाने में कामयाब हो रहे थे। रेंगते हुए वाहनों की लंबी कतार को व्यवस्थित करने को मौजूद पुलिसफोर्स भी खुद को असहाय ही मान रहे थे। हालात ये कि सबसे व्यस्ततम इलाके नगर निगम चौराहा, गोपीनाथ बाजार में पैदल राहगीरों का रास्ता तय करना मुश्किल भरा था। स्थानीय लोग स्वयं भी जाम खुलवाते नजर आए। वहीं ई रिक्शाओं ने शहर में यातायात पूरी तरह बाधित कर दिया। धार्मिक वृंदावन में लगने वाले जाम से निजात मिल सके,इसे लेकर सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने समय समय पर चेकिंग अभियान चलाने के आदेश भी दिए थे।जिनका कुछ दिनों तक तो पालन हुआ,लेकिन जैसे ही मुखिया के आदेशो को समय बीता तो आदेश भी हवा हवाई हो गए। जिसके कारण नगर की सड़को पर बेलगाम दौड़ते ई रिक्शाओं के कारण जाम की स्थिति बननी शुरू हो गई।

# अतिक्रमण हटाकर निगम की भूमि पर बंधे पशुओं को ले गई टीम

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
मथुरा। नगर निगम की टीम ने शनिवार को कृष्णापुरी तिराहे के पास स्थानीय लोगों द्वारा कब्जाई भूमि को मुक्त कराया। साथ ही टीम वहां बंधे पशुओं का वाहन में लादकर ले गई। सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी ने बताया कि कृष्णापुरी के ग्राम मथुरा बांगर में करीब 2900 वर्ग मीट भूमि है। यह जमीन नगर पालिका मथुरा के नाम दर्ज है। इस भूमि पर कुछ स्थानीय व्यक्तियों ने गाय व भैंस बांधकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। शनिवार को निगम की टीम ने



पुलिस बल के साथ भूमि को खाली कराया। साथ ही टिनशेड को जेसीबी से हटवाया और नगर निगम का बोर्ड लगाया गया। इस भूमि को पहले भी नगर निगम कई बार खाली करा चुका है। बावजूद इसके स्थानीय लोग अवैध कब्जा कर लेते हैं। इस दौरान सदर बाजार थाना प्रभारी विदेश कुमार पुलिसकर्मियों के साथ मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट के इलेक्ट्रिक बोर्ड में शॉर्ट सर्किट से लगी आग



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
मथुरा। जिला अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट में लगे इलेक्ट्रिक बोर्ड में दोपहर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की सूचना अस्पताल के कर्मचारियों ने दमकल विभाग को दी। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। अस्पताल में दोपहर के समय ऑक्सीजन प्लांट चल रहा था। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट हुआ और इलेक्ट्रिक बोर्ड में आग लग गई। आग धीरे-धीरे तेज होती गई। अस्पताल में मरीज के परिजन ने आग की सूचना कर्मचारियों को दी तो आनन-फानन कर्मचारियों ने दमकल और अस्पताल के सीएमएस को अवगत कराया। दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। सीएमएस डॉ. नीरज अग्रवाल ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। तत्काल आग पर काबू पा लिया गया। वहीं इलेक्ट्रीशियन को जल्द सही के साथ प्लांट शुरू करने के निर्देश दिए।

# धार्मिक आयोजनों की मयार्दा को लेकर हिंदू संगठनों ने डीएम-एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
मथुरा। वृंदावन में सनातन धर्म की धार्मिक परंपराओं और आयोजनों की शुद्धता बनाए रखने की मांग को लेकर राष्ट्रीय हिंदुत्व कला एकता संगठन, काशी विद्वत परिषद और धमार्चार्य संघ के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से डीएम और एसएसपी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि हाल के वर्षों में कुछ व्यक्ति जो अन्य धर्मों से संबंधित हैं, फर्जी हिंदू नामों और पहचान पत्रों के सहारे भागवत कथा,



रामकथा, भजन संध्या, देवी जागरण जैसे पवित्र आयोजनों में शामिल हो रहे हैं।

संगठनों का कहना है कि ये लोग आयोजन स्थल पर तिलक को मिटा देते हैं और देवी-देवताओं के चित्रों को अनादरपूर्वक वहीं छोड़ देते हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि आयोजनों में भाग लेने वाले ऐसे लोग मांसाहारी हैं जबकि सनातन धर्म के पवित्र आयोजनों में लहसुन-प्याज तक वर्जित माना जाता है।

# अमरोहा में भाजपा नेता पिंटू भाटी पर कार्रवाईः सीएमओ से विवाद के बाद गुंडा एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज, एक अन्य व्यक्ति भी नामजद

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा ' उत्तर प्रदेश**
अमरोहा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अल्ट्रासाउंड सेंटर में पार्टनर और भाजपा नेता पिंटू भाटी समेत दो लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट की धारा 3/4 के तहत कार्रवाई की है।

मामला सीएमओ के साथ हुए विवाद से जुड़ा है। सीएमओ ने पिंटू भाटी और धर्मेंद्र सिंह समेत 23 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि इन लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डाली और सीएमओ को जान से मारने की धमकी दी। साथ ही झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए



जा रहे हैं। वे ऐसे लोगों की पहचान कर रहे हैं जो समाज में अशांति फैलाते हैं।

'कार्रवाई में नामजद आरोपियों में पिंटू भाटी गांव फिरोजपुर बदलू थाना हसनपुर के निवासी हैं। वहीं दूसरे आरोपी धर्मेंद्र सिंह कोट पूर्वी कुम्हारान हसनपुर के रहने वाले हैं।

# यम की फांस से बचाने वाली की फूली सांस

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
मथुरा। मान्यता है कि विशेष पर्वों पर यमुना नदी में डुबकी लगाने वाले को यम की फांस से भी मुक्ति मिल जाती है, लेकिन यमुना की सांस खुद ही फूली हुई है। यमुना में भारी गंदगी और प्रदूषण के कारण इसका पानी आचमन तो छोड़िए डुबकी लगाने लायक नहीं है। प्रदूषण के चलते यमुना नदी का प्रवाह कुंद हो गया है। कभी यह निर्मल एवं अविरल प्रवाहित होती थीं। अब गंगा दशहरा जैसे महापर्व पर श्रद्धालुओं को यमुना में डुबकी लगाने से पहले सोचना पड़ेगा। साफ-सफाई और स्नान योग्य पानी नहीं होना मुख्य कारण है। और तो और शहर के दर्जनों नाले का गंदा पानी



भी यमुना में जाकर गिर रहा है। ऐसी स्थिति में यमुना का जल कैसे आचमन योग्य होगा। इसकी अब तक कोई रणनीति नहीं बनाई गई है। अधिकारियों की बैठकें सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई हैं, जबकि गंगा दशहरा पर्व को मात्र 10 दिन बचे हैं। यमुना घाटों पर ही नहीं यमुना किनारे सभी स्थानों पर बेशुमार गंदगी है। किसी भी स्थान का पानी आचमन योग्य नहीं है। यमुना में लगभग 10 नाले निरंतर गंदगी कर रहे हैं। इस कारण यमुना में विगत लंबे समय से प्लास्टिक व गंदगी कई मीटर गहराई तक जमा हो गई है। इसके चलते यमुना नदी से वाटर रिचार्ज नहीं हो रहा है। यमुना की जल भंडारण की क्षमता भी कम हो गई है। यमुना घाटों पर गंदगी कई मीटर गहराई तक जमा है, जो गंदा परिदृश्य प्रस्तुत करती है। अनिल कुमार, अपर नगर आयुक्त ने कहा, गंगा दशहरा को लेकर यमुना की सफाई की तैयारी की जा रही है। शनिवार को महापौर व नगर आयुक्त ने बैठक में इसकी रणनीति बनाई है। दो या तीन दिन में यह कार्य शुरू हो जाएगा।

# मुर्दों की बस्ती पर मुस्लिम समाज की दो बिरादरी के लोगों का हंगामा प्रदर्शन, पुलिस कार्रवाई की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
कांधला। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में कब्रिस्तान की भूमि पर खड़े पॉपुलर के पेड़ काटने को लेकर अलग-अलग बिरादरी के दो पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों ने कब्रिस्तान की भूमि को पुश्तैनी बताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। अंसारी समाज के लोगों ने मंसूरी समाज के लोगों पर हाथों में लाठी डंडे लेकर उनके दो लोगों के साथ बंधक बनाकर मारपीट करने व दहशत फैलाने का आरोप लगाते हुए गांव में प्रदर्शन कर भूमि से कब्जा हटवाने की मांग की है। रविवार को थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी अंसारी समाज के नासिर, राशिद ,आबिद, शौकीन, आलीशान, अमीरहसन, नफीस ,मोमीन,आस मोहम्मद, कय्यूम ,अनीस, जमील,



सहित सैकड़ों लोगों ने गांव में हंगामा प्रदर्शन करते हुए बताया कि गांव में उनके पुश्तैनी कब्रिस्तान स्थित है जिन पर उनके बुजुर्गों को दफनाया गया है। उनके कब्रिस्तान के समीप मंसूरी समाज के भी कब्रिस्तान स्थित है।आरोप है कि वह वर्ष 2015 से अपनी कब्रिस्तान की भूमि से पॉपुलर के पेड़ लगाते हुए पूर्ण होने पर काटते आ रहे हैं। पूर्व की भांति भी अंसारी समाज ने गत दिवस शनिवार को अपने पॉपुलर के पेड़ काट रहे थे आरोप है कि तभी मंसूरी समाज के एक दर्जन से भी अधिक लोग हाथों में लाठी डंडे लेकर पहुंचे और उनके दो लोगों को जबरन बंधक बना लिया और उनके साथ जमकर मारपीट की। और उनके पॉपुलर के पेड़ अपने कब्जे में लेते हुए उनकी कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया।अंसारी समाज के लोगों का आरोप है की रात्रि में मंसूरी समाज के एक दर्जन से भी अधिक लोगों ने हाथों में लाठी डंडे लेकर गांव में दहशत फैलाने का कार्य किया। दूसरे पक्ष मंसूरी समाज के अय्यूब ,मंजूरा, हारून, समीम, शाहिद, इरशाद, शहजाद, जाहिद सहित आदि लोगों ने अंसारी समाज के लोगों पर उनके पुश्तैनी कब्रिस्तान की भूमि से जबरदस्ती पेड़ काटने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से वार्ता करने के बाद झगड़ा करने पर सख्त चेतावनी दी और दोनों पक्षों से कब्रिस्तान की भूमि के कागजात की मांग की है राज्स्व विभाग की टीम को मौके पर भेज कर जांच राने की बात कही है।

# पूर्व चैयरमेन ने अपने रक्त से सेना के सम्मान में बनाया स्लोगन।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
कांधला।ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूर्व चेयरमैन हाजी इस्लाम ने अपने रक्त से भारतीय सेना जिंदाबाद सहित स्लोगन लिखकर सभी देशवासियों को बधाई दी। पूर्व अध्यक्ष के द्वारा किए गए कार्य की नगर व क्षेत्र में प्रशंसा की जा रही है।



रविवार को कस्बे के पूर्वी यमुना नहर पटरी मनकामेश्वर महादेव मंदिर के समीप कांधला नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष हाजी इस्लाम ने अपने साथियों के साथ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देशवासियों को बधाई दी। इस मौके पर पूर्व पालिका अध्यक्ष हाजी इस्लाम ने अपने रक्त से भारतीय सेना, मोदी, योगी, सोफिया कुरेशी, व्योमीका सिंह, जिंदाबाद के नारे लिखे उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में ऑपरेशन सिंदूर का परचम लहरा रहा है विश्व भी भारतीय सेना के पराक्रम को देखकर आश्चर्यचकित है सो आतंकवादियों को घर में घुसकर मारने के बाद भारतीय सेना ने आतंकवाद की रीड की हड्डी तोड़ने का काम किया है। आज देश को नाज है कि हमारे देश की कमान प्रधानमंत्री मोदी के सुरक्षित हाथों में है हम सभी अपने देश की मजबूत सेना के कारण आज सुरक्षित है सेना के पराक्रम की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। पूर्व में भी पूर्व अध्यक्ष तरह-तरह के प्रदर्शन करने व अजीबो गरीब हरकत करने के मामले में सुर्खियों में रह चुके हैं। इस दौरान उनके साथ राजेश, आकाश रावत, भूरा मलिक, दिनेश कुमार, सौरभ कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अतिरिक्त दहेज की मांग करने पर आधा दर्जन के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत।

कांधला। थाना क्षेत्र की इदरीश बैंग बिहार कालोनी निवासी विवाहिता ने अपने जेठ पर छेड़छाड़ करने सहित अन्य ससुराल पक्ष पर दहेज मांगने मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट करने में पति पर तीन तलाक देने का आरोप लगाते हुए थाने पर अभियोग पंजीकृत कराया है पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार इदरीश बैंग बिहार कालोनी निवासी विवाहिता सलमा पत्नी नाजिम ने बताया कि उसकी शादी लगभग 10 वर्ष पूर्व हुई थी , शादी के कुछ दिन बाद से ही पति सहित ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे। पीड़िता का जेठ नौशाद पुत्र कालू पीड़िता पर बुरी नजर रखता था गत वर्ष की 16 दिसंबर को पीड़िता को घर पर अकेली देखकर जेठ नें उसके उसके साथ छेड़छाड़ की थी। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने जेठ शौकीन व पति नाजिम को बताई तो उन्होंने भी पीड़िता की 10 वर्षीय पुत्री सहित मारपीट करते हुए तीन तलाक दे दिया और घर से निकाल दिया। एसपी के आदेश पर पीड़िता की तहरीर पर शौकीन, नाजिम, कासिम,नौशाद, मुस्तरी वह हारूण के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### मृतक लाइनमैन मोनू के परिवार को अवरअभियंता संगठन ने दिये 69 हजार ।

चौसाना। बिजलीघर पर ड्यूटी के दौरान हुए हादसे में जान गंवाने वाले लाइनमैन मोनू के परिवार की आर्थिक सहायता के लिए अवर अभियंताओं (जेई) के संगठन की ओर से राहत प्रयास जारी हैं। शनिवार को जेई मोबीन खान के नेतृत्व में संगठन द्वारा एकत्र की गई 69,600 रुपये की राशि मृतक की पत्नी सोनिया को प्रदान की गई। यह सहायता राशि अरविंद राठी टोडा के माध्यम से सोनिया को सौंपी गई। इस दौरान कृष्णपाल खोड़समा, शहजाद जिजौला, मृतक का भाई रामकुमार, दीपक, मोहित और सोनिया का भाई नीटू मौके पर मौजूद रहे।

### महासम्मेलन का एक प्रतिनिधिमंडल शामली महिला थाना प्रभारी मोनिका चौहान से मुलाकात

शामली। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का एक प्रतिनिधिमंडल शामली महिला थाना प्रभारी मोनिका चौहान से मुलाकात कर स्वागत किया। उन्होने शामली जिले की महिला थाने प्रभारी बनने पर मोनिका चौहान को बुके भेट किया और उम्मीद की कि महिलाओं को सुलभ और आसानी से न्याय मिल सकेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेश गोयल, जिला उपाध्यक्ष अनिल गोयल, संजय बंसल, जिला महामंत्री प्रमोद मित्तल, आयुष्मान सिंगल, जिला कोषाध्यक्ष राजेश बंसल, नगर अध्यक्ष मयंक बंसल, नगर महामंत्री वैभव संगल, गौरव गर्ग, वैभव सिंगल आदि मौजूद रहे।

# एचटी लाइन के नीचे पोल लगाने की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो। गंगोह, सहारनपुर।**
गांव फतेहचन्द्पुर के खेतों में नीचे लटक रहे हाईटेशन लाइन के तारों को किसानों ने दुरूस्त कराने की मांग की है। निवासी किसान कुलवीर सिंह, सुभाषचंद, अशोक, शिवकुमार, महावीर आदि का कहना है कि के उनके खेत गांव तबर्रकपुर के रकबे में स्थित है। खेतों से लगने वाले चकमार्ग से होकर गुजर रही एचटी लाइन के तार नीचे लटक रहे है। फसलोंके समय तारों



से टकराकर दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। तारों से बचने के लिए किसानों को करीब तीन किलोमीटर दूर दूसरे रास्ते से होकर जाना पड रहा है। किसानों ने ऊर्जा निगम के अधिकारियों से लाइन के नीचे पोल लगवाने की मांग की है।

# किसान के खेत में घुसा हाइवे का पानी, ईंख की फसल जलमग्न

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
कैराना। शनिवार रात हुई बारिश का पानी हाइवे किनारे स्थित किसान के खेत में घुस गया। पानी से एक सप्ताह पूर्व बोई गई गन्ने की फसल पूरी तरह से जलमग्न हो गई। पीड़ित किसान ने



हाइवे निर्माण कंपनी तथा एनएचएआई के अधिकारियों पर समस्या की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। शनिवार देर रात्रि क्षेत्र में भारी बरसात हुई, जिससे हाइवे का सारा पानी निकासी की सुचारू व्यवस्था ने होने के चलते किसान के खेत में जा घुसा। किसान ने निर्माण कंपनी के प्रबंधक घनश्याम सिंह को फोन के द्वारा जलभराव की समस्या से अवगत कराया। पीड़ित किसान ने प्रशासन एवं एनएचएआई के अधिकारियों से जलभराव की समस्या के निदान की गुहार लगाई है।

# कोर्ट के आदेश की अवेहलना कृषिभूमि पर कब्जा करने का लगाया आरोप

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
कांधला-कोर्ट के आदेश के बाद निर्माण कार्य किए जाने को लेकर आपत्ति जताते हुए किसान ने समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर निर्माण कार्य रूकवाएं जाने की मांग की। जिस पर अधिकारियों ने मामले में कार्यवाही के आदेश दिए।

नगर के मौहल्ला शेखजादगान निवासी किसान जितेन्द्र कुमार ने समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया कि खसरा नंबर 1152म, 1153म, 1153म., व 1160, 1151 में विपक्षी राजेन्द्र सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी शिवाजी नगर सहारनपुर व संदीप, मांगेराम, जयवीर द्वारा एक वाद संख्या 59/2025 माननीय न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) कैराना में 11/04/2025 को दायर किया। जिसमें माननीय न्यायालय से यथा स्थिति जमीन पर आदेश पारित किए



थे। जिसके बाद भी विपक्षी राजेन्द्र सिंह व उसके साथियों के द्वारा लगातार अपनी भूमि पर निर्माण कार्य कर रहे है। जिसकी सूचना उसके द्वारा कांधला थाना व हल्का लेखपाल को दी गई थी, जिस पर पुलिस व लेखपाल द्वारा निर्माण कार्य रूकवा दिया गया था। आरोप है कि न्यायालय के आदेश के बाद भी उक्त विवादित भूमि पर लगातार माननीय न्यायालय के आदेशों की अवेहलना कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शिकायतकर्त्ता ने अंदेशा जताया है कि उक्त लोग उनकी भूमि पर भी कब्जा करने की फिराक में है, सभी आरोपी भूमाफिया है, तथा इन सबके खिलाफ सिविल व फौजदारी के दर्जनों अभियोग जनपद सहारनपुर व शामली में अलग अलग थानों में पंजीकृत है। शिकायतकर्त्ता ने न्यायालय के अग्रिम आदेश तक उपरोक्त भूमि पर कोई भी निर्माण कार्य न कराएं जाने व उक्त भूमि की पुलिस व लेखपाल के द्वारा वीडियोंग्राफी कराई जाएं, ताकि उक्त लोग कोई भी

# ऐरटी में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर निकाली भव्य कलश यात्रा

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
कैराना। रविवार को ब्लॉक क्षेत्र के गांव ऐरटी में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान गांव में स्थित भारद्वाज दण्डि आश्रम में हवन एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आश्रम के पीठाधीश्वर दण्डि स्वामी ललितानंद तीर्थ के कुशल मार्गदर्शन में पंडित सचिन भारद्वाज व वीशू शर्मा आदि के द्वारा मंत्रोच्चारण करके किया गया। दण्डि स्वामी ललितानंद तीर्थ ने कहा कि जनपद में युवाओं के संघर्ष ने अपना असर दिखाया है। जिले में भगवान परशुराम चौंक की स्थापना सर्वसमाज के लिए बड़ी उपलब्धि है। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण



महासभा के राष्ट्रीय सचिव एवं कांग्रेस नेता अशवनी शर्मा(सींगरा) ने कहा कि परशुराम सबके भगवान है। भगवान को जाति से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। कोई भी समाज बिना संगठित एवं शिक्षित हुए आगे नहीं बढ़ सकता। कॉन्वेंट स्कूलों की होड़ में युवा पीढ़ी में संस्कारों की बेहताशा कमी आई है। बेहतर भविष्य के लिए प्राचीन शिक्षण प्रणाली को अपनाना होगा। गौरक्षा सभा के जिलाध्यक्ष वीशू शर्मा ने कहा कि अत्याचारियों के विरुद्ध भगवान परशुराम ने फरसा उठाया था।

## वार्षिक उत्सव में पुरस्कार पाकर छात्र/छात्राओं के खिले चेहरे

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज में रविवार को सत्र 2024-25 का वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह उल्लास एवं धूमधामपूर्वक मनाया गया। रविवार को श्री सत्यनारायण शिक्षा समिति के अध्यक्ष एनके कंसल, सुशील कुमार गर्ग, उपाध्यक्ष सतीश गोयल, प्रबन्धक राजीव संगल ने माता सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसमे पंवन काम्बोज, संजय कुमार, अरविन्द गर्ग, सतीश गोयल, राजकुमार वर्मा, सूचि गर्ग, प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा तथा मयंक गर्ग उनके सहयोगी रहे। मुख्य अतिथि के रूप में एनसीसी लेफ्टिनेंट कर्नल सीबी भदौला उपस्थित रहे। इससे पूर्व कॉलेज के घोष दल ने प्रसून भार्गव के नेतृत्व में मन मोहक धुन बजाकर अतिथियों का स्वागत किया। जिसके बाद वार्षिक पत्रिका ह्लसुधांशुह्व का विमोचन भी किया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में कॉलेज की सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले, सर्वाधिक दिन उपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राओं के साथ एनसीसी कैडेट्स को भी प्रबन्ध समिति के द्वारा पुरस्कार में मैड़ल तथा शील्ड आदि देकर सम्मानित किया गया।

## पांच दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का समापन

शामली। रविवार को कस्बा बनत के देवी उमरा कौर वैदिक इंटर कालेज में भारत स्काउट गाइड के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का समापन हो गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया। रविवार को समापन समारोह का शुभारंभ प्रधानाचार्य देवेंद्र पाल राणा ने ध्वजारोहण कर किया। शिविर में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर देवेन्द्र पाल राणा ने कहा कि स्काउट गाइड शिक्षा का मुख्य उद्देश्य समाज और देश की सेवा के लिए अनवरत रूप से हर समय तैयार रहकर अपने कर्तव्य का पालन करना है।

# लोक निर्माण विभाग द्वारा कस्बे की टूटी पड़ी खस्ता हाल सड़क का पैचिंग कार्य शुरू होने पर कस्बावासियों ने राहत की सांस ली थी। लेकिन देर रात में आई जोरदार बारिश एवं तूफान ने कस्बे वासियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
झिंझाना -कस्बे के बीच से होकर गुजर रहे मुख्य मार्ग की पिछले काफी समय से खस्ता हालत के चलते कस्बे वासी धूल फांक रहे थे ।सड़क को बनवाने के लिए समाज सेवियों द्वारा धरना प्रदर्शन किये गये। लेकिन अचानक कस्बे के मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू पर होने कस्बावासियों ने राहत की सांस की सांस ली थी। लेकिन सड़क का पेचिंग निर्माण कार्य शुरू होते ही आंधी तूफान ओर बारिश से निर्माण कार्य लटक गया। क्योंकि बारिश से कर्मचारियों द्वारा



रोड़ी के साथ डाला गया डेस्ट बारिश के पानी में बह गया। चार वर्षों के बाद सड़क के गढ्ढे भरने शुरू होते ही बारिश से सभी कुछ बह गया। दूसरी ओर रात में आई तेज हवा के साथ बारिश आने से सुबह सात बजे तक बिजली गुल रही। तेज हवा से डेरी चौक के निकट कस्बे की स्ट्रीट लाइट का एक पोल टूट गया। हालाकि कोई जनहानि एवं नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन बारिश ओर आंधी तूफान से चिल्लाती गर्मी से आमजन ने राहत महसूस की ओर मौसम सुहाना हुआ।

# राजस्थान एसआई भर्ती 2021 को निरस्त करने के विरोध में युवाओं का प्रदर्शन, कहा- ईमानदार अभ्यर्थियों के साथ अन्याय न हो

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

अलवर राजस्थान में वर्ष 2021 की एसआई (सब-इंस्पेक्टर) भर्ती को निरस्त करने के प्रस्तावित निर्णय के विरोध में आज बड़ी संख्या में युवाओं ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। शहर के शहीद स्मारक से लेकर नंगली सर्किल तक युवाओं ने रैली निकालते हुए सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान युवा शहीद स्मारक पर एकत्र हुए और भर्ती को यथावत रखने की मांग की।




प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्होंने ईमानदारी और कड़ी मेहनत से यह परीक्षा पास की है, जिसमें हजारों अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है। ऐसे में अब भर्ती को रद्द करने की बात उन सभी के भविष्य से खिलवाड़ के समान है। युवाओं का आरोप है कि कुछ लोगों की गलती या दबाव के चलते ईमानदार अभ्यर्थियों को सजा दी जा रही है, जो कि पूरी तरह से अनुचित है।

प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने यह भी कहा कि सरकार को दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए, न कि पूरी भर्ती को रद्द कर ईमानदार विद्यार्थियों को हाशिये पर धकेलना चाहिए। साथ ही, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को ज्ञापन सौंपने की बात भी कही गई, ताकि उनकी आवाज सरकार तक पहुंचे।

# फुले फिल्म का 18 वां शो भी रहा हाउसफुल निःशुल्क शो की अवधि 29 तक बढ़ाई

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नीमकाथाना। सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा राव फुले एवं नारी शिक्षा की जनक माता सावित्री बाई फुले के संघर्ष कथाओं पर आधारित ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक फूले फिल्म का रविवार को 18 वां शो भी हाउस फूल रहा। इस दौरान करीब 300 महिला पुरुष व बच्चों ने उपस्थिति देकर फिल्म का आनंद लिया।

मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष सुभाष चंद सिंघल ने बताया कि मेघवंश जागृति संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रणजीत महरानियां के द्वारा दिनांक 11 मई मातृत्व दिवस के अवसर पर फुले फिल्म का शहर के लक्ष्मी टाकीज में निशुल्क प्रदर्शन कर जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया था। जिसके तहत अब तक करीब 7000 लोगों को यह फिल्म निःशुल्क दिखाई जा चुकी है



तथा फिल्म की बढ़ती लोकप्रियता एवं फुले प्रेमियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए फिल्म के निःशुल्क प्रदर्शन की तिथि दिनांक 29 मई तक बढ़ा दी गई है। ताकि अधिक से अधिक लोग इस फिल्म को देखकर सामाजिक व शैक्षणिक रूप से जागरूक हो सके।

मैनेजमेंट कमेटी के प्रवक्ता आनंद कुमार हर्डिया ने बताया कि रविवार के शो में डॉ भगीरथ खारड़िया, सूरजमल मंडा, रतनलाल वर्मा मंडा, एडवोकेट हंसराज तंवर, पूर्व सीबीईओ सुल्ताना राम मरोड़िया, पूर्व प्रबंधक दीपचंद वर्मा, बसपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सैनी, बृजमोहन सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता भगवान सहाय छापर, बाबूलाल वर्मा, राधेश्याम कालावत, हरफूल वर्मा शाहपुरा, रमेश मेहरानिया, राजकुमार थोई एवं डॉ अंबेडकर ग्राम विकास समिति कल्याणपुरा कोटपुतली के अध्यक्ष संजय आर्य के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग फिल्म देखने आए और फिल्म से प्रभावित होकर अपने सकरात्मक विचार भी साझा किए।

# बैतूल कोतवाली थाने में नाबालिक बच्चों को बिठाकर रखा गया। प्रकरण की वीडियो वायरल।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बैतूल। कोतवाली थाना का एक वीडियो काफी वाइरल हो रहा है जिसमें नाबालिक बच्चों को थाने में बिठाकर रखा गया है वह बच्चों को डांट डपट कर उनमें भय पैदा किया जा रहा है। कानून के जानकार कहते हैं कि जुवेनाइल जस्टिस केयर एंड प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन एक्ट, 2015 के अनुसार, नाबालिगों को किसी भी अपराध में थाने में नहीं रखा जा सकता है। यदि नाबालिग को किसी अपराध में गिरफ्तार किया जाता है, तो उसे बाल कल्याण पुलिस अधिकारी की देखरेख में एक सुरक्षित घर में रखा जाना चाहिए, न कि थाने में। पुलिस को नाबालिगों को गिरफ्तार करते समय उनके माता-पिता या अभिभावकों को सूचित करना होता है न कि उन्हें थाने में रखा जाता है। नाबालिगों के अधिकारों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट



निर्देश हैं कि किसी नाबालिग को जेल या पुलिस हिरासत में नहीं रखा जा सकता। यदि किसी नाबालिग को अपराध करते हुए पकड़ा जाता है और उसकी उम्र 16 साल से अधिक है, तो उसे थाने की जगह किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश किया जाना चाहिए। समाजसेवक पंकज अतुलकर का कहना हैं की बैतूल कोतवाली थाना टीआई रविकांत देह

# अहिल्या बाई होलकर की 300 वी जन्म जयंती के अवसर पर व्याख्यान माला सम्पन्न।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

बालाघाट। मप्र जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर के सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा आज राजा भोज शासकीय महाविद्यालय कटंगी में प्रातः स्मरणीय अहिल्या बाई होलकर जीवन चरित्र पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया । व्याख्यान माला को सम्बोधित करते हुए सुरेंद्र कुमार भगत ने कहा कि प्रदेश में अनेक स्थानों पर इस प्रकार की व्याख्यान माला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विगत दिनों इंदौर में भी अनेकानेक कार्यक्रम में अहिल्या बाई होलकर के जीवन पर आधारित कार्यक्रम में सहभागी रहे । श्री



भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के शासन काल में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण जैसे काम आज भी दिखते है। उन्होंने बताया कि चाहे किले हो चाहे बावडी या फिर तालाब हो इन सब चीजों पर अहिल्या बाई ने 1762 से लेकर 1795 तक मालवा राज्य शासन किया। जब 1761 में उनके पति का देहावसान हो गया तो मालवा राज्य का राज भार संभाला। सीमांत राजा इधर-उधर से राज्य पर कब्जा करने के लिए लगने थे लेकिन मालवा की जनता ने साथ दिया अहिल्या बाई होलकर एक कुशल प्रशासक के रूप में कार्य किया । राज माता व्याख्यान माला कार्यक्रम में सभी परामर्शदाता और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# जेप्टो राइडर्स का हंगामा: आईडी टर्मिनेशन और शोषण के खिलाफ हड़ताल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अलवर शहर के अरावली विहार थाना क्षेत्र में स्थित स्कीम आठ के जेप्टो स्टोर पर कार्यरत राइडर्स ने आज अपने शोषण और मनमानी आईडी टर्मिनेशन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। राइडर्स का कहना है कि पहले उन्हें हर डिलीवरी पर ?90 का इंसेंटिव दिया जाता था, जिसे अब घटाकर मात्र ?5 कर दिया गया है।




राइडर्स ने आरोप लगाया कि कंपनी लगातार नए राइडर्स की भर्ती कर रही है, और फिर पुराने राइडर्स का इंसेंटिव खत्म कर दिया जाता है। जब इस अन्याय का विरोध किया गया तो उन्हें जेल भिजवाने की धमकी दी गई। स्थिति तब और बिगड़ गई जब 50 से अधिक राइडर्स की आईडी बिना किसी पूर्व सूचना के टर्मिनेट कर दी गई।

इस फैसले से नाराज राइडर्स ने हड़ताल कर स्टोर के बाहर इकट्ठा होकर न्याय की मांग की और प्रशासन से उचित कार्रवाई की अपील की। राइडर्स का कहना है कि वे तब तक काम पर नहीं लौटेंगे जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता और टर्मिनेट की गई आईडी बहाल नहीं की जाती।

# कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों का ऑनलाइन कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

सिंगरौली।सिंगरौली महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में कलेक्टर के निर्देशन एवं सीईओ के मार्गदर्शन तथा डीईओ एसबी सिंह के उपस्थिति में जिले के सभी 150 शासकीय हाई स्कूल हायरसेकेंड्री शालाओं के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों का ऑनलाइन कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। ऑनलाइन कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में मॉडल स्कूल के प्रभारी प्राचार्य एवं जिला कैरियर काउन्सलर डॉ. एसडी पाण्डेय के द्वारा निम्न क्षेत्रों में कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



डॉ पांडेय के द्वारा बताया गया कि 13 क्षेत्र में कैरियर की तलाश कर सकते है। जिसमें वास्तुकला और इंजीनियरिंग, कला, संस्कृति और मनोरंजन, व्यवसाय, प्रबंधन और प्रशासन, संचार, सामुदायिक और सामाजिक सेवा क्षेत्र, शिक्षा क्षेत्र, विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र, स्थापना, मरम्मत और रखरखाव, खेती, मछली पालन और वानिकी, सरकार, स्वास्थ्य और चिकित्सा उद्योग, कानून और सार्वजनिक नीति एवं बिक्री क्षेत्र कैरियर के बारे में काउंसलर डॉ. पांडेय के द्वारा लगभग एक हजार से अधिक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया।

# शिक्षा जीवन की वह कुंजी है जो अज्ञानता को दूर कर आत्मनिर्भर बनाती है : एमव्हीआर रेड्डी

## जेपी निगरी ने प्रदेश के टॉपर प्रज्ञा जायसवाल समेत अनुराग एवं श्वेता को सम्मानित कर दी गई प्रोत्साहन राशि

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

सिंगरौली । सतत प्रयास, लगन, कड़ी मेहनत, - आत्मविश्वास से लक्ष्य प्राप्ति संभव नहीं है। मन में उत्साह, समर्पण और कुछ कर गुजरने की चाहत निश्चित ही सफलता की ओर ले जाने का एक रास्ता है। ऐसी ही ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त करने वाली सिंगरौली जिले के निवास गांव में स्थित ग्लोरियल पब्लिक हाई स्कूल की बेटी प्रज्ञा जायसवाल ने माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर देश का नाम रोशन किया है। इसी स्कूल के छात्र अनुराग कुमार साहू ने पांचवा स्थान एवं छात्रा श्वेता साहू ने दसवां स्थान प्राप्त कर अपने ग्राम और जिले का भी नाम



गौरवान्वित किया है। इन बच्चों ने न केवल जिला, प्रदेश बल्कि पूरे देश में झंडा गाढ़ा है। जिससे सभी लोग अभिभूत हैं। उनकी उपलब्धि को देखकर आशा है कि अन्य बच्चे भी ऊर्जावान होकर इसी राह पर चलने को अग्रसर होंगे। इसी सिलसिले में उनकी उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने के लिए जेपी निगरी सुपर थर्मल पावर प्लान्ट निगरी द्वारा एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख एमव्हीआर रेड्डी, एके श्रीवास्तव एवं यतीन्द्र खरे के साथ विमल शर्मा द्वारा प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रज्ञा जायसवाल को प्रोत्साहन राशि के रूप में 21 हजार, पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अनुराग कुमार साहू को 11 हजार एवं दसवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा श्वेता साहू को 5 हजार 100 रुपए का चेक प्रदान किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने अभिभाषण में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की वह कुंजी है जो अज्ञानता के अंधकार को दूर कर व्यक्ति को आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त बनाती है। प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। चाहे परिस्थिति कितनी भी प्रतिकूल क्यों ना हो।

# दम मारो दम से लेकर पूरा लंदन ठुमकदा तक का जिला प्रशासन और नेताओ ने उठाया लुत्फ, जनता दिखी परेशान

## सिंगरौली महोत्सव का हुआ आगाज, नहीं पहुंचे आदित्य नारायण, रूपाली जग्गा ने संभाला मंच

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

सिंगरौली । 17वें सिंगरौली महोत्सव का शुभारंभ शनिवार की शाम गणेश वंदना के साथ पंचायत राज्य मंत्री राधा सिंह, सांसद डॉ. राजेश मिश्रा और विधायक रामनिवास शाह ने दीप प्रज्वलित कर किया। जहां वॉलीवुड के मशहूर कलाकारों ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। कार्यक्रम को लेकर राजमाता चूनकु?मारी स्टेडियम दर्शको से खचाखच भरा रहा। इधर बता दे कि सिंगरौली महोत्सव का आगाज हो गया है। जहां वॉलीवुड के मशहूर गायिका रूपाल्ली जग्गा अपना स्टेज प्रस्तुति दी। वॉलीवुड के कलाकारों के संगीत को सुनकर दर्शक मत्रमुग्ध हो गये। जहां दर्शको ने ने ताली बजाकर कलाकारों का हौसला अफजाई किया। स्टेडियम में पहुंचे लोग बड़े कलाकारों को मंच पर देखकर खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। जहां कलाकारों ने भी दर्शको का दील जितने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये थे। इस दौरान भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह, महापौर रानी अग्रवाल, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह, पूर्व विधायक रामलल्लू बैस, सुभाष वर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रणव पाठक, प्रेमवती खैरवार, पंडित एनपी मिश्र, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा सहित जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी व आमजनता मौजूद रहे। वही



सिंगरौली महोत्सव को लेकर स्टेडियम में चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। ताकि सुरक्षा में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो।

नहीं पहुंचे आदित्य नारायण

आप को बता दे सिंगरौली महोत्सव के आगाज में जाने-माने सिंगर आदित्य नारायण नहीं पहुंचे थे। जिससे स्टेडियम में पहुंची जनता मायूस सी नजर आई। शासन प्रशासन ने प्रचार प्रसार कर जनता के बीच जोरो से बताया था की सिंगरौली महोत्सव के आगाज के दिन जाने-माने सिंगर आदित्य नारायण महोत्सव का आगाज करेंगे लेकिन किसी कारण वश शायद उनका आना नहीं हो पाया जिससे जनता की उम्मीद पर पानी फिरता नजर आया।वही लोगो ने बताया कि जनता को लेकर प्रशासन की ओर से कोई खास व्यवस्था नहीं की गई थी प्रशासन ने सिर्फ प्रशासनिक अमला और नेताओं के लिए वाटरप्रूफ टेंट लगाकर सिंगरौली महोत्सव का आनंद लेने के लिए व्यवस्था की गई थी वही जनता के लिए खुले स्टेडियम में कुछ कुर्सियां लगाकर उनकी व्यवस्था की गई थी वहीं लोगों ने बताया कि प्रशासन महोत्सव में सही से मैनेजमेंट ना होने के कारण व्यवस्था में कमी सी नजर आती दिखी।

**26 को महोत्सव के मुख्य अतिथि होंगे विधानसभा अध्यक्ष**

म.प्र. विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर 26 मई को दो दिवसीय प्रवास पर सिंगरौली आ रहे हैं। जहां 26 मई की शाम सिंगरौली महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस संबंध में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने। ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के सिंगरौली दौरा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 26 मई के दोपहर हवाई जहाज से सिंगरौली पहुंचेंगे। इसके बाद राजमाता चुन कुमारी स्टेडियम बैढ़न में आयोजित सिंगरौली एवं नगर महोत्सव कार्यक्रम में शाम 7 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहेंगे। इसके बाद दूसरे दिन दोपहर 1 बजे जिला मुख्यालय बैढ़न से भोपाल के लिए हवाई जहाज से रवाना हो जाएंगे।२

# हुड़दंग करने वाले मनचलों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर- एसडीपीओ डीएन आजाद

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

आगामी ईद-उल- अजहा को लेकर पाकुड़ मुफस्सिल थाना एवं नगर थाना, पाकुड़ परिसर में बीडीओ समीर अल्फ्रेड मुर्मू अध्यक्षता में की गई शान्ति समिति की बैठक में सीओ भागीरथ महतो, एसडीपीओ डीएन आजाद, थाना प्रभारी समेत क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। बैठक में आगामी ईद त्यौहार को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विशेष रूप से चचाएं करने के पश्चात अधिकारी ने कई अहम दिशा- निर्देश दिया। साथ ही आपसी भाईचारे के साथ विधि व्यवस्था बनाये रखते हुए हर्षोल्लास के साथ





ईद/ त्यौहार मनाने हेतु आम-जनों से अपील की गयी। वही एसडीपीओ डीएन आजाद ने कहा कि आगामी ईद-उल-अजहा शान्ति माहौल में आपसी भाईचारे के एक- दूसरे में समन्वय स्थापित करते मनाने को लेकर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक की गई। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों की सुझाव के पश्चात आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी एवं असमाजिक तत्वों सहित हुड़दंग करने वाले मनचलों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर रहेगी। ऐसी कोई अप्रिय गतिविधि की इश्यू आने पर पुलिस सख्त से सख्त कारवाई करेगी। मौके पुलिस पदाधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नि:स्वार्थ सेवा भावना को लेकर रीता पासवान ने थामा कांग्रेस का हाथ

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,** साहेबगंज (झा०खं०), बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र के झिकटिया निवासी रीता पासवान ने रविवार को पाकुड़ विधायक निसात आलम के आवास इस्लामपुर में पहुंचकर कांग्रेस पार्टी का दमन थामा है। वही विधायक निसात आलम ने रीता पासवान को माला पहनाकर और हाथ मिलाकर स्वागत पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस लोगों के हर सुख-दुख में साथ खड़ा रहकर लोगों को हर संभव मदद पहुंचाने का प्रयास करता है, साथ ही उन्होंने कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों से भी रीता पासवान को अवगत कराया।वही रीता पासवान ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों से ही प्रभावित होकर मैं विधायक निसात आलम के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता



ग्रहण कर रही हूं, उन्होंने बताया पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के कार्यकाल के साथ साथ वर्तमान में पाकुड़ विधायक निसात आलम के कार्यशैली से मैं काफी प्रभावित हूं और कांग्रेस पार्टी के कार्य करने का तौर तरीका सहित प्रत्येक मंगलवार को विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के द्वारा विधायक कक्ष में लोगों की समस्याओं का निष्पादन करने सहित कांग्रेस के अन्य कार्यों से प्रभावित होकर मैं कांग्रेस का दामन थामा है, ताकि उक्त बैनर के नीचे रहकर मैं भी योग्य एवं अक्षम लोगों को मदद पहुंचाने का कार्य कर सके।

# मंदिर की जिणोंद्वार कार्य का हुआ शुभारम्भ, रोहित यादव ने की श्रमदान



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो** धनबाद (झा०खं०), धनबाद जिले के कतरास शिव मोहल्ला स्थित बम बम मंदिर के जिणोंद्वार कार्यक्रम के बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी रोहित यादव के पहुंचते ही मोहल्ला के लोगों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट करने साथ माला पहनकर उनकी जोरदार तरीके से स्वागत किया। वही यादव ने पहले बम बम मंदिर पूजा पाठ किय। तत्पश्चात मंदिर निर्माण के लिए नारियल फोड़कर एवं श्रमदान कर मंदिर जिर्णोद्धार कार्य का शुभारम्भ किया। पंडित सुरेश पांडे ने विधि विधान से पूजन कराया। वही यादव ने कहा कि शिव मोहल्ला के लोगों का प्यार और स्नेह मिला, सभी के सहयोग से बाबा मंदिर में श्रमदान किया। मंदिर निर्माण में यथा सम्भव मदद की जायेगी। उन्होंने भूमि पूजन में आये मोहल्ला वासियों का आभार प्रकट किया। इस दौरान शिव मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष किशोरी गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष कपिल सोनी, उपाध्यक्ष सुजीत कुमार रवानी, सचिव विकास श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पिंटर शर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

# बागबेडा में भूमाफियाओं का आतंक, प्रशासन मौन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

पूर्वी सिंहभूम (झा०खं०), जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना के बेडाढिपा गांव के ग्रामीण अपनी पुस्तैनी जमीन बचाने को लेकर एकजुट हुए। गांव के पुरुष से लेकर महिलाओं ने दबंगों के खिलाफ प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद की। जमीन के वंसज गुलाम सरदार ने कहा कि गांव में उनके पुरखो की जमीन पर हरहरगुटु के कुछ दबंग कब्जा कर उसे बेचने के फिराक में लगे हुए हैं। विरोध करने पर दबंगों ने उनके पिता और माता के साथ घर में घुसकर मारपीट किया। इससे गांव के लोगों में जमीन दलालों के प्रति भारी आक्रोश है। मामले की जानकारी स्थानीय थाना को दी गई, मगर पुलिस मामले में कार्यवाई करने के बजाय दबंगों का साथ देते हुए समझौता करने की बात कह रहे है। पूरे मामले की जानकारी एसएसपी समेत एसडीओ को पत्र के माध्यम से दे दी गई है। गुलाम ने कहा कि दबंग उनकी जमीन को बांस से घेराबंदी तक कर चुके है। रविवार को गुलाम उसके परिजन समेत ग्रामीणों ने दबंगों से मार्चा लेने को लेकर बैठक की और निर्णय लिया कि अब किसी भी सूरत में दबंगों को गांव में घुसने नहीं दिया जायेगा। गुलाम ने कहा कि पुस्तैनी जमीन को बचाने के लिए पूरे परिवार समेत ग्रामीणों का सहायोग तो मिल रहा है, मगर पुलिस-प्रशासन की चुप्पी से उनका पूरा परिवार दुखी है। जहां गुलाम सरदार के परिजनों ने कहा कि पुलिस मामले की संज्ञान नहीं लेगा तो आगे कोई बड़ी घटना घट सकता है।

# बिजली मिस्त्री की मनमानी से बिजली व्यवस्था ठप, उमस भरी गर्मी से लोग परेशान

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**, गोड्डा (झा०खं०), गोड्डा के पथरगामा में रविवार सुबह से ही बिजली आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित रही, जिससे आमजन उमस भरी गर्मी में बेहद परेशान नजर आया। लोगों का आरोप है कि स्थानीय बिजली मिस्त्री की मनमानी के कारण बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के मिस्त्री द्वारा कई बार 'सर डाउन' लेकर बिजली काट दी जाती है। जबकि बिजली विभाग की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि यदि किसी कार्य के लिए दस मिनट से अधिक समय तक 'सर डाउन' लेना आवश्यक हो, तो संबंधित क्षेत्र की लाइन को काटकर मुख्य लाइन को चालू रखा जाए, ताकि अन्य इलाकों की बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो। लेकिन इन निदेर्शों की अनदेखी कर मिस्त्री द्वारा मनमानी ढंग से पूरे क्षेत्र की बिजली काट दी जा रही है। इस कारण लोग न केवल भीषण गर्मी से परेशान हैं, बल्कि छोटे व्यापार, घरेलू कामकाज और विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। पथरगामा वासियों ने इस लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैये पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सम्बन्धित कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि एक-एक घंटे तक बिजली बाधित रहना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है और इससे जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय प्रशासन और बिजली विभाग से यह अपेक्षा की जा रही है कि वे इस समस्या का स्थायी समाधान करे, ताकि पथरगामा में निर्बाध और व्यवस्थित रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

# ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभा के सहमति से ही खुलेगी शराब

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो गोड्डा**

गोड्डा : ग्रामीण क्षेत्रों में शराब दुकान खोलने के पक्ष में झारखंड सरकार के विरोध पर झामुमो प्रवक्ता सह लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि ग्राम सभा के सहमति से ही ग्रामीण क्षेत्रों में दुकानें खुलेगी। उन्होंने ग्राम सभा के सहमति से ही दुकानें खुलने की बात कही है। श्री मुर्मू आज गोड्डा के किसान भवन में प्रेस को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं।



उन्होंने कहा कि झारखंड में पीईएसए कानून लागू है। ऐसे में बिना ग्राम सभा की सहमति के दुकानें नहीं खोली जा सकती हैं। बताते चलें कि ग्रामीण स्तर पर अंग्रेजी शराब बेचने के झारखंड सरकार के फैसले के बाद काफी किरकिरी हो रही है। भाजपा के विरोध के बाद बैकफुट पर आई सरकार अब शराब बेचने के फैसले को सही ठहराने के पक्ष में मीडिया में तर्क दे रही है।

# डीसी - एसपी ने चिन्हित की कंपोजिट कंट्रोल रूम निर्माण का स्थल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,** पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा मुख्य डाकघर के समीप कंपोजिट कंट्रोल रूम निर्माण करने हेतु स्थल का निरीक्षण किया गया। साथ ही प्रोजेक्ट प्रयास के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं का संचालन हेतु खाली पड़े सर्व शिक्षा अभियान के पुराने कार्यालय भवन को चिन्हित कर जीर्णोद्धार करने का भी निर्देश दिया।



# गोड्डा जिला के स्थापना दिवस पर विशेष। आसान नहीं था गोड्डा जिला गठन की राहें

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।** गोड्डा । तकरीबन 100 वर्षों तक अनुमंडल के रूप में खुद की पहचान बनाने के बाद अंततः 25 मई 1983 को गोड्डा को जिला का दर्जा प्राप्त हुआ। हालांकि जिला बनने की राह इतनी आसान नहीं रही थी । काफी लंबी लड़ाई एवं जद्दोजहद के बाद अंततः संयुक्त बिहार के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्रा ने गोड्डा को जिले के रूप में ऐतिहासिक घोषणा की थी। जिला गठन को लेकर क्या कुछ हुई थी इस बात के गवाह रहे हैं। जिले के वरिष्ठ बुद्धिजीवी एवं समाज सेवी सच्चिदानंद शाह ने बताया कि 31 मार्च



1983 की रात गोड्डा को जिला बनाने की विधिवत घोषणा की गई थी। घोषणा के बाद आग्रह पर 25 मई 1983 को जिला के उद्घाटन की तिथि निश्चित की गई।

गोड्डा में प्रथम उपायुक्त मदन मोहन सिंह एवं सुप्रभात दास पुलिस अधीक्षक के रूप में नियुक्ति हुए। इसके गवाह के रूप में मेला मैदान में मंच व शिलापट आज भी जिला गठन का गवाह बना हुआ है

# महागामा के दैनिक कर्मियों को मिली राहत, मानदेय में हुई वृद्धि, हड़ताल का हुआ समापन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गोड्डा (झा०खं०), महागामा के दैनिक कर्मियों की मानदेय वृद्धि को लेकर झारखण्ड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन यूनियन लीडर सोमेश्वर मेहतर ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय में यूनियन प्रतिनिधियों और कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार के बीच एक सफल वार्ता हु। बैठक में दैनिक कर्मियों के मानदेय में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। सोमेश्वर मेहतर ने बताया कि अब महागामा नगर पंचायत के दैनिक कर्मियों को वर्तमान महंगाई को ध्यान में रखते हुए 60 रुपये की बढ़ोतरी के साथ 360 रुपये प्रतिदिन की दर से मानदेय मिलेगा। इसके साथ ही ईपीएफ योजना भी लागू की जायेगी, जिससे कर्मियों को भविष्य में आर्थिक सुरक्षा मिल सकेगी। नगर पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि आंतरिक



स्त्रोतों में वृद्धि होती है, तो कर्मियों के वेतन में और इजाफा किया जायेगा। साथ ही राज्य सरकार के श्रम विभाग द्वारा जारी संकल्पों एवं परिपत्रों के अनुसार दैनिक पारिश्रमिक का भी पालन सुनिश्चित किया जायेगा।बैठक में यह भी तय किया गया कि सभी जमादारों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रत्येक माह के अंतिम तारीख तक सभी दैनिक कर्मियों की अनुपस्थिति विवरणी कार्यालय में जमा करे। इसके आधार पर नगर पंचायत द्वारा हर माह की पांच तारीख तक मानदेय का भुगतान किया जायेगा।इसके अलावे, यूनियन की मांग पर यह भी सहमति बनी कि हड़ताल की अवधि में किसी भी कर्मी के विरुद्ध कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जायेगी।बैठक में यूनियन की ओर से अध्यक्ष सोमेश्वर मेहतर उपस्थित रहे, जबकि नगर पंचायत की ओर से कार्यपालक पदाधिकारी ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर इस निर्णय को अंतिम रूप दिया। साथ ही मिठाई खिलाकर और माला बनाकर हड़ताल को समाप्त कराया गया।

# कपड़ा बॉल प्रतियोगिता में मुर्मू स्टार की टीम ने मारी बाजी

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), महेशपुर प्रखण्ड क्षेत्रान्तर्गत पंचायत भेटाटोला के ग्राम अहिल्यापुर के झारखंड नव युवा क्लब अहिल्यापुर की ओर से रविवार को तीन दिवसीय 16 टीमों की कपड़ा बॉल प्रतियोगिता का फाइनल खेल का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के फाइनल खेल में मुख्यातिथि के रूप में झामुमो के वरिष्ठ कार्यकर्ता मैनुद्दीन अंसारी, एनामुल हक, संतोष हेम्ब्रम शामिल हुए। मुख्यातिथि के पहुंचते ही आयोजकों के द्वारा आदिवासी रिति-रिवाज से उनकी जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। फाइनल खेल का शुभारम्भ मुख्यातिथि ने कपड़ा बॉल को आसमान में किक मारकर किया। वही कपड़ा बॉल का फाइनल खेल तालाटोला बनाम मुर्मू स्टार के बीच हुआ, जिसमें मुर्मू स्टार की टीम ने तालाटोला की टीम को पेनाल्टी से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को मुख्यातिथि एनामुल हक और मैनुद्दीन अंसारी ने प्रथम




पुरस्कार के रूप में 50,000 (पचास हजार) रूपए नगद एवं उपविजेता टीम को संतोष हेम्ब्रम ने 40,000(चालीस हजार) रूपए नगद देकर पुरस्कृत किया।वही मुख्यातिथि ने सभी खिलाड़ियों को उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दिए, साथ ही आगे और भी बेहतर प्रदर्शन करने की बातें कही। वही मुख्यातिथि संतोष हेम्ब्रम ने सभी खेल प्रेमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अच्छे खिलाड़ी अपने खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं। वह टीम वर्क, दृढ़ संकल्प और खेल कौशल जैसे महत्वपूर्ण गुणों में माहिर होते हैं। वे मैदान के अंदर और बाहर हमेशा लोगों को प्रेरित करते हैं। एक अच्छा खिलाड़ी कड़ा अभ्यास करता है, गलतियों से सीखता है और हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करता है। खेल शरीर के लिए बेहतर के साथ-साथ हमें अनुशासन एवं प्रेम की भावना सीखाते हैं। इस मौके पर निरोज मड़ैया,केताबुल शेख,विशोप सोरेन (पंचायत अध्यक्ष),नारेश मुर्मू (पंचायत रोलाग्राम के मुखिया),राजु मुर्मू (पंचायत भेटाटोला के मुखिया), मेला के अध्यक्ष फागू हेम्ब्रम, सचिव बाबुधन किस्कू, प्रेमप्रकाश टुडू, राकेश टुडू, सुरेश टुडू, अगस्टिन सोरेन सहित क्लब के सभी सदस्य एवं काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# भारत को इतना शक्तिशाली बनाएं कि कई ताकतें मिलकर भी उसे हरा न सकें : मोहन भागवत

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नई दिल्ली।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू समाज में एकता और भारत को सैन्य शक्ति एवं अर्थव्यवस्था की दृष्टि से इतना शक्तिशाली बनाने का आह्वान किया है कि कई शक्तियां एक साथ आकर भी इस पर जीत हासिल न कर सकें। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ताकत को सद्गुणों और नीतिपरायणता के साथ जोड़ा जाना चाहिए, क्योंकि मात्र निरंकुश शक्ति दिशाहीन हो सकती है और घोर हिंसा को जन्म दे सकती है। उन्होंने आरएसएस से जुड़ी साप्ताहिक पत्रिका ऑर्गनाइजर के ताजा संस्करण में प्रकाशित साक्षात्कार में कहा कि भारत के पास



शक्तिशाली होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि वह अपनी सभी सीमाओं पर बुरी ताकतों की दुष्टता देख रहा है। पत्रिका ने कहा कि यह बातचीत 21-23 मार्च, 2025 को आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक की पृष्ठभूमि में हुई थी और इसे ऑपरेशन सिंदूर से पहले ऑर्गनाइजर-पाञ्चजन्य कार्यालय में रिकॉर्ड किया गया था। राष्ट्रीय सुरक्षा, सैन्य शक्ति और आर्थिक शक्ति पर संघ के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर भागवत ने कहा, हमें शक्ति संपन्न होना ही पड़ेगा।

संघ में प्रार्थना की पंक्ति ही है- अजय्यां च विश्वस्य देहीश शक्तिम् (हमें इतनी शक्ति दीजिए कि हमें विश्व में कोई न हरा सके)। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। भागवत ने कहा, सच्ची शक्ति आंतरिक होती है। सुरक्षा के मामले में हम किसी पर निर्भर न हों, हम अपनी सुरक्षा स्वयं कर लें। सारी दुनिया मिलकर भी हमें जीत न सके, इतना सामर्थ्य संपन्न हमें होना ही है।

# ACP कार्यालय की छत गिरने का मामला: हॉल बनाने वाले ठेकेदार समेत दो गिरफ्तार, मानक के अनुसार नहीं लगाई सामग्री

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

लोनी (गाजियाबाद) पुलिस ने ठेकेदार समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। ठेकेदार ने मानक के अनुसार हॉल का निर्माण नहीं किया था। जिस कारण बरसात होने पर हॉल की छत गिर गई थी। गाजियाबाद के इंद्रपुरी स्थित एसीपी कार्यालय के हॉल गिरने से दरोगा की मौत होने पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने अपनी तरफ से हॉल का निर्माण करने वाले ठेकेदार और उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इस मामले में पुलिस ने ठेकेदार समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। ठेकेदार ने मानक के अनुसार हॉल का निर्माण नहीं किया था। जिस कारण बरसात होने पर हॉल की छत गिर गई थी। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि इंद्रपुरी पुलिस चौकी के कार्यवाहक इंचार्ज नीरज ने बॉर्डर थाने पर शिकायत दी है। शिकायत



में बताया कि 2023 में ठेकेदार बल्लू चौधरी निवासी धीरज पूरी दिल्ली और आशीष कुमार निवासी मोदीनगर द्वारा एसीपी कार्यालय के हॉल का निर्माण कराया गया था। ठेकेदार द्वारा अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से निर्माण सामग्री अच्छी नहीं लगाई थी। पास के दूसरे ठेकेदार को बुलाकर हॉल में लगे निर्माण की जांच कराई गई तो पता चला कि हॉल में लगे सात लोहे के एंगल दो सूत लंबाई 35 फुट नापी गई।

तीन एंगल 2.5 सूत लंबाई 15.5 फुट नापी गई। जबकि हॉल की लंबाई करीब 35 फुट और चौड़ाई 15.5 फुट है। ठेकेदार ने मानक के अनुसार हॉल में मेटेरियल नहीं लगाया था। एसीपी ने बताया कि शिकायत के आधार पर बल्लू चौधरी, आशीष और अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। बल्लू चौधरी और आशीष को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# राजग प्रगति और कल्याण का पर्याय बन गया है: अमित शाह

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) अपनी जन-केंद्रित पहल के साथ प्रगति और कल्याण का पर्याय बन गया है। शाह ने यहां सत्तारूढ़ राजग के मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में भाग लेने के बाद ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में यह बात कही। उन्होंने कहा, अपनी जन-केंद्रित पहल के माध्यम से राजग आज प्रगति और कल्याण का पर्याय बन गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व



में हाशिए पर पड़े वर्गों के अधिक लोगों के उत्थान और नए आपराधिक कानूनों के तहत नागरिकों के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए शासन मॉडल को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा, हम विकास के दायरे से किसी को भी बाहर नहीं छोड़ने के अपने संकल्प पर अडिग हैं।

# फिजिक्स और गणित के एडवांस सवालों से घूमा दिमाग, अभ्यर्थियों ने बताया कैसा रहा पेपर

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नोएडा/गाजियाबाद । पहली पाली सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक थी और दूसरी पाली दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक होगी। अभ्यर्थियों ने बताया कि वह पूरी तैयारी करके आए थे, लेकिन खासतौर पर फिजिक्स कठिन लगी। जिस तरह के सवाल आने की उम्मीद थी, उससे भी कठिन सवाल पेपर में पूछे गए थे।

नोएडा में यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा का आयोजन हुआ। जहां जिलेभर के कुल 44 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। पहली शिफ्ट के लिए अभ्यर्थी सुबह-सुबह अपने अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए। सभी अभ्यर्थी फुल तैयारी कर पहुंचे। लेकिन परीक्षा केंद्र में परीक्षा देते वक्त पेपर में आए फिजिक्स और गणित के सवालों ने सभी को गोलमोल घुमा दिया।

सेक्टर 62 स्थित निजी सेंटर पर परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों ने बताया कि वह पूरी तैयारी करके आए थे, लेकिन खासतौर पर फिजिक्स कठिन लगी। जिस तरह के सवाल आने की उम्मीद थी, उससे भी कठिन सवाल पेपर में पूछे गए थे। हालांकि बाकी सभी तैयारी के अनुसार आसान लगे। वहीं, अभ्यर्थी बोले पिछले साल की तुलना में जीएस का पेपर सरल था। बस फिजिक्स ने सभी का काफी समय व्यर्थ किया। इससे जो दूसरे सवाल थे, उन पर कम समय मिल सका। दूसरी शिफ्ट 2:30 बजे से शुरू होगी।



अभ्यर्थियों से बातचीत - गाजियाबाद से पेपर देने नोएडा के परीक्षा सेंटर में पेपर देकर निकली माही ने बताया कि पेपर अच्छा रहा। लेकिन फिजिक्स के सवाल उम्मीद से भी ज्यादा कठिन थे। इससे काफी समस्या व्यर्थ हो गया।

पेपर देने पहुंचे नोएडा निवासी सुधांशु ने बताया कि फिजिक्स और मैथ के कुछ सवालों को हल करने में कठिनाई आई। हालांकि इसके पहले के जो पेपर थे, उनमें इतने कठिन सवाल नहीं पूछे गए थे। बाकी पूरा पेपर अच्छा था।

दिल्ली निवासी इशिका ने बताया कि पेपर अच्छा आया था। जैसा पढ़ा था उसके अनुसार ही आया था। हालांकि उन्होंने कोई कोचिंग नहीं ली थी, इसलिए थोड़ी परेशान जरूर हुई, लेकिन फिर अच्छा पेपर हुआ।

नोएडा निवासी अभ्यर्थी प्रिया ने बताया कि फिजिक्स के सवाल एडवांस लेवल के थे, बाकी बायो और अन्य विषय के सवाल आसान थे।

पहली शिफ्ट का पेपर छूटते ही आसपास की सड़कें हुईं जाम - पहली शिफ्ट का पेपर छूटते ही सेक्टर 62 स्थित सेंटर के बाहर अचानक से अभ्यर्थी छूटे तो आस पास की सड़कें पूरी तरह से जाम हो गईं। कुछ देर तक वाहन जाम में फंसे रहे। हालांकि करीब 20 मिनट बाद लोग जाम से निकल सके। इस बीच रोड पर पार्क की गई वाहनों की लंबी कतारें भी जाम का कारण बनी।

गाजियाबाद में 51 केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन- पहली पाली में गाजियाबाद जिले में 51 केंद्रों पर यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा कराई गई। परीक्षा के दौरान निगरानी के लिए तीन सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, सात जोनल मजिस्ट्रेट, 18 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 51 एलआइओ सहित महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। परीक्षा दो पालियों में होगी, प्रत्येक पाली दो घंटे की है। पहली पाली सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक थी और दूसरी पाली दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को जांच के बाद केंद्रों पर प्रवेश दिया गया। किसी भी तरह का इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं है। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा समय से आधा घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना था। प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड के साथ एक ओरिजनल फोटो आइडी लाना अनिवार्य था।

# विजयनगर सेक्टर-12 में चार दिनों से पानी की आपूर्ति ठप, 10 हजार लोग परेशान

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

गाजियाबाद। विजयनगर सेक्टर-12 में पिछले चार दिनों से पानी की आपूर्ति ठप है। जिससे ए और बी ब्लॉक के 10 हजार निवासी परेशान हैं। शनिवार शाम को काफी संख्या में लोगों ने लाइनपार फेडरेशन के अध्यक्ष से शिकायत की। फॉल्ट न मिलने की वजह से आपूर्ति बंद है।

इस संबंध में लाइनपार फेडरेशन के अध्यक्ष आरके आर्य ने बताया कि विजयनगर सेक्टर-12 के ए और बी ब्लॉक में पिछले चार दिनों से एक बूंद भी पानी नहीं आ रहा है। कई बार निगम के जलकर विभाग के क्षेत्र के ट्यूबवेल इंचार्ज से बात की गई लेकिन उन्हें अभी तक फॉल्ट नहीं मिल सका है। जिसकी वजह से पानी की भीषण दिक्कत हो रही है। लोग टैंकरों से पानी खरीद रहे हैं या अपने किसी पड़ोसी के सबमर्सिबल से पानी ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम काफी संख्या में लोगों ने रोष प्रकट किया। सुभाष शर्मा और सेवाराम ने बताया कि चार दिन से शिकायत कर रहे हैं



और अभी तक कोई समाधान नहीं निकल सका है। लोग भीषण गर्मी में पानी के लिए तरस रहे हैं। कई बार ट्यूबवेल इंचार्ज के पास जाकर शिकायत की, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। इन्हें फॉल्ट ही नहीं मिल पा रहा है।

इस संबंध में ट्यूबवेल के इंचार्ज नरेंद्र सिंह का कहना है कि डी ब्लॉक की मोटर ठीक कराकर आपूर्ति शुरू करा दी गई है। ए और बी ब्लॉक में दिक्कत है। उन्होंने बताया कि एक पाइपलाइन आस्था अस्पताल से होते हुए वाल्मीकि बस्ती से घूमकर डीएवी चौक तक आती है। इस लाइन में आजतक कभी परेशानी नहीं हुई। जो कर्मचारी 30, 35 साल से काम कर रहे हैं, उन्हें भी नहीं पता कि इस पाइपलाइन में पानी कहां से आ रहा है। बहुत ढूंढा लेकिन फॉल्ट नहीं मिल पाया। एक बार दिक्कत हुई थी, लेकिन पानी खुद ही आ गया था। इस बार चार दिन हो गए, फॉल्ट नहीं मिल पाया। फिलहाल हम अंधेरे में तीर छोड़ रहे हैं और लोग आक्रोशित हो रहे हैं। हम कई दिन से लगे हैं, जल्द समस्या का समाधान होगा।

# मधुबन-बापूधाम योजना में किसानों के आवास का सपना होगा पूरा, तीन महीने में मिलने लगेंगे भूखंड

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

गाजियाबाद। मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना से प्रभावित 762 किसानों के आवास का सपना साकार होने का रास्ता साफ हो गया है। छह फीसदी विकसित भूखंड देने की मांग पर जीडीए बोर्ड से मुहर लगने के बाद अब प्राधिकरण आपत्ति और सुझाव आमंत्रित करेगा। जीडीए अधिकारियों का कहना है कि तीन महीने के अंदर भूखंड आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

मधुबन-बापूधाम योजना जीडीए द्वारा 2004 में लाई गई थी, लेकिन भूमि जुटाव में आ रही समस्याओं और किसानों के विरोध, न्यायालयों में भू-धारकों द्वारा दाखिल विभिन्न वादों की वजह से योजना पूरी तरह परवान नहीं चढ़ी। योजना में करीब 4500 करोड़ की संपत्ति गतिरोध की वजह से विकसित नहीं हो पाई। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बोर्ड बैठक में किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए जीडीए ने यह कदम उठाया है। मधुबन-बापूधाम योजना में 281 एकड़ के किसानों को उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुसार उनकी जमीन का 10 फीसदी विकसित भूखंड आवंटित किया जाएगा। भूखंड मिलने के बाद किसानों से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा।

373 आवासीय भूखंड होंगे शिफ्ट- मधुबन- बापूधाम आवासीय योजना के पॉकेट-ई में स्थित श्मशान के निकट नियोजित 373 आवासीय भूखंडों को योजना में अन्यत्र शिफ्ट करने का रास्ता भी साफ हो गया है। जीडीए सचिव का कहना है कि योजना के तलपट मानचित्र में संशोधन की अनुमति बोर्ड से मिल गई है। आपत्ति और सुझाव मांगे जा रहे हैं। एक महीने में आपत्ति और सुझाव का निस्तारण करने के बाद इन भूखंडों के शिफ्टिंग की कार्रवाई शुरू हो जाएगी।

1234 एकड़ में बसी है योजना-मधुबन-बापधाम आवासीय योजना 1234 एकड़ में बसी है। योजना के लेआउट में परिवर्तन करने का प्रस्ताव पास होने के बाद अब यहां लोगों की सुविधा के लिए नए सिरे से नियोजन किया जाएगा। हर पॉकेट में शॉपिंग सेंटर, सामुदायिक भवन, पार्क व अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। हरित क्षेत्र का लाभ हर निवासी को मिल सके इसके लिए योजना के ले आउट में परिवर्तन किया जा रहा है।

ले-आउट में परिवर्तन के बाद योजना में तेजी से विकास की उम्मीद- जीडीए मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना को लेकर चिंतित है। योजना में कई सौ करोड़ की संपत्तियां रिक्त हैं। संपत्तियों की बिक्री के लिए ग्राहक ढूंढ़े जा रहे हैं। योजना में संपत्ति खरीदने वालों का रुझान बढ़ाने के लिए जीडीए यहां नया कार्यालय भवन बना रहा है।

**मांग** पीड़ित अभिषेक त्यागी ने नंदग्राम थाना अध्यक्ष को दिया प्रार्थना पत्र

# अभिषेक त्यागी ने नगर निगम के अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप की कार्रवाई की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गाजियाबाद में नंदग्राम थाना अंतर्गत अभिषेक त्यागी पुत्र स्वर्गीय श्री संजीव त्यागी, निवासी ग्राम सिहनी, गाजियाबाद दिनांक 23.4.20.24 को नगर निगम द्वारा नंदग्राम में सड़क पर अतिक्रमणीयों की आढ़ में अवैध वसूली की जा रही थी। नंदग्राम में अ ब्लॉक में स्थित हमारी (घर) बिल्डिंग जिस पर कार्य चल रहा है, मैं और मेरा भाई अमन (कुणाल) त्यागी वहाँ उपस्थित थे। नगर निगम करामचारी अवैध वसूली करते हुए हमारी (घर) बिल्डिंग के सामने आये व वहाँ लगे गन्ने के जूस वाले से वसूली करने हेतू व अन्य उपस्थित व्यापारी लोगो में कहानीसुनी के बाद हाथापाई हुई, जिसमें नगर निगम का एक कर्मचारी घायल हो गया। उसके बाद कर्मचारियों द्वारा नगर निगम के अधिकारियों व नगर निगम के पुलिस को बुलाया गया। नगर निगम कि अधिकारियों व सिपाहियों को आता देख सभी भीड़ व लोग भाग खड़े हुए और नगर निगम के अधिकारियों ने मुझे व मेरे भाई को जो कि अपनी (घर) बिल्डिंग के सामने खड़े थे, हमें पकड़ा और मारना शुरू कर दिया जिसने अमन को मामूली रूप से चोटे आई है जबकि जोनल अधिकारी महेंद्र कुमार ने मेरे सिर पर कान के पीछे डंडे से वॉर किया जिससे मेरे कान के पीछे सिर की हड्डी टूट गई है और सफाई निरिक्षक नरेश द्वारा अनगिनत मुक्के मेरे सिर व कान पर मारे गये, जिससे मेरे कान का पर्दा फट गया है, जोकि मीडिकल रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा बताया गया है। और इन दोनों के साथ १०–१५ कर्मचारी/ अधिकारियों व एक सिपाही मुझे मारते हुए नंदग्राम थाने तक ले गये जिसने एक सफाई कर्मचारी (दीपक) नगर निगम की गाड़ी तो मेरी कमर पर लात व घुसे मारता रहा। मेरे सिर पर इन अधिकारी व लोगो के द्वारा वॉर करना मुझे जान से मारने के प्रयास करने के बराबर है। मेरी मेडिकल जाँच के द्वारा यह भी डॉक्टर ?द्वारा बताया गया है कि मैं एक कान से सुनने में पूर्ण रूप से असमर्थ हूँ, व मुझे एक आँख से बोहत धुंधला दिखाई दे रहा है। और मेरे सिर की स्थिति को अत्यंत स्वदेशील बताया है व मुझे सुझाव दिया है कि मैं तुरंत एक न्यूरो सर्जन की निगरानी में तुरंत उपचार कराऊ। मेरा आपसे अनुरोध है कि नगरनिगम के जोनल अधिकारी महेन्द्र कुमार व सफाई निरीक्षक नरेश कुमार सफाई कर्मचारी दीपक व अन्य लोग जो इसमें शामिल है इन पर मुझे जान से मारने के प्रयास में मेरे संपत्ति के सामने मुझे मारने व गाली गलोच करने में मेरी मानहानि,अपने सरकारी ओदे का नाजायज फायदा उठाने इत्यादि धराओ में उचित कारवाही करके

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।

विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com

नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी॰ प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।